MANAV ASTRO & VEDIC

LADNUN [RJ] , BANGALORE [KA] 8586094945 , 8302680069

सभी प्रसंगों व विवादों का न्याय क्षेत्र बालोतरा ही होगा।

त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति

संवत्-२०८३

राजा,धान्येश -बुध



उपराजा,नीरसेश,धनेश -गुरु



।।श्री महालक्ष्म्यै नमः।।



मंत्री- मंगल



सस्येश-शुक्र



चतुरंग बलोराजा जगती वशमानयेत् ।
अहं पंचांग बलवान् आकाशं वशमानये।।

त्रिकाल ज्योति पंचांगम् सर्व शास्त्र समन्वितम्।
सरलं सुलभं सर्वमान्यं भारतादि देशकम् ।।

त्रिकाल ज्योति




पंचांग प्रवर्त्तक
दैवज्ञ स्व.पं.भवानीशंकर द्विवेदी

ग्रामे नगरे पुरे प्रान्ते प्रचारं बहुवर्तते ।त्रिकाल ज्योति पंचांगम् ब्रह्मपक्षादिनिर्मितम्।।

त्रिकाल ज्योति

श्री विक्रम संवत् २०८३ शाकः १९४८ सन् 2026–27 ई.



पंचांगकर्त्ता
पं.पृथ्वीराज द्विवेदी

प्रकाशक एवं मुद्रक पं.पृथ्वीराज द्विवेदी–गणित फलित हस्तरेखा विशेषज्ञ

सम्पादक–अरुण दवे,वास्तुविज्ञ,याज्ञिक व स्नातक

त्रिकाल ज्योति पंचांग कार्यालय,बालोतरा 344022 (राज.)

फोन–कार्यालय–02988 224...,मो.9414688805,9460666431,9414755236

प्रकाशन वर्ष
वर्ष ४५ अंक १ पक्ष १

प्रकाशन तिथि
ता.१ जनवरी २०२६ ई.

मूल्य 120/– रुपये

मेघेश,फलेश,दुर्गेश–चंद्र



रसेश–सूर्य



शनि



संवत्सरः	सिद्धार्थ
वर्ष नाम	माघ
रोहिणी निवास	तट
समय निवास	रजक
मेघ नाम	काल
संवत्विश्वा–	अष्टादश

राहु



केतु



"त्रिकाल ज्योति" समाचार पत्र का पंचांग विशेषांक

त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति त्रिकाल ज्योति

व्रत पर्वोत्सव निर्णय:

नक्षत्र सूचको दिष्ट मुपवासं करोति यः स व्रजत्यन्धाता मिस्त्रं सार्धमृक्ष विडंबिना(वाराह चार्य) अर्थात् नक्षत्र सूचक (अविदित्वैव यःशास्त्रं दैवज्ञत्वं प्रपद्यते) जो पुरुष बिना शास्त्र के जाने दैवज्ञ हो जाय, के उपदेश किये हुए उपवासादि को जो पुरुष करता हैं वह उस नक्षत्र सूचक के साथ अंधतामिस्र नामक नरक में पड़ता है। निष्कर्षतः आर्ष प्रमाणों से व्रतोत्सवों का निर्णय करना हैं तो आर्ष पंचांग सूर्य सिद्धांत, ब्रह्मसिद्धान्तादि गणित से बनने वाले पंचांग ''पंचवृद्धिःरसक्षयः(65घटी-54घटी)के तिथ्यादिमानों से निर्णय करें ।आज के शताब्दी पंचांग या अंग्रेजी पंचांगों की नकल से बने नकलची पंचांगों की तिथि अपने ही सूत्र 'सप्तवृद्धि दशक्षयः'' का भी अतिक्रमण कर पंचदशघटी(15घटी) तक बढ़ जाती है। कृष्ण पक्ष शुक्लपक्ष की अष्टमी के आसन्न इन पंचांगों की तिथियों में बहुत फर्क रहता है जो मुख्य विवाद की जड़ है। ये आर्ष सूत्रों को तोड़मरोड़ कर अपने व्रतपर्वो को सही बताते है जिससे पंचांग पढ़ने वाले भ्रमित हो जाते है। गणित पूर्वाचार्यों की व निर्णय भी पूर्वाचार्यो के सूत्रों से करना शास्त्र सम्मत है। यही वाराहमिहराचार्य का निर्देश है। धर्मशास्त्रोक्त प्रमाण- यावेद बाह्याःस्मृतयोमाश्च काश्चकुदृष्टयः ।

सर्वास्ता निष्फलाःप्रेत्य तपोनिष्टा हि ता स्मृताः ।।1 ।।

अर्थात् जो स्मृतियां वेद से बाहर है और जो ग्रन्थ वेद विरुद्ध कुतुर्कमूलक है। वे परलोक के सम्बंध में निष्फल है, क्योंकि तमोगुण से कल्पित है। उत्पद्यन्ते च्यवन्ते च यान्यतोन्यानि कानिचित्। तान्यर्वाक्कालिक तया निष्फलान्यं नृतानि च।।2 ।।अर्थात् वेद मूल से विरुद्ध पुरुष कल्पित शास्त्र उत्पन्न होने पर शीघ्र ही विनष्ट हो जाते हैं वे नवीन होने के कारण निष्फल और असत्य है।

-:निर्णयार्थ आर्ष सूत्रः-

धर्म में भी दो भेद- आजकल मतमतावलम्बियों के कारण धर्म में भी दो भेद -(1) स्मार्त (2) वैष्णव दो होनें से धर्मकृत्य व्रत पर्वोत्सव भी दो-दो होने लग गये हैं। साधारण हिन्दू जनता स्मार्त धर्मी, वैष्णव धर्मी होनें के मतभेद में फंस जाती है इस देश का अति प्राचीन सनातन धर्म ही है। सनातन धर्म का अभिप्राय प्राचीन धर्म, परंपरागत धर्म, विभिन्न देवी, देवताओं की पूजा उपासना, मूर्तिपूजा, श्राद्ध, तर्पण आदि प्रमुख अंग है। सनातन धर्म में सनातनतम अर्थात् आदिपुरुष नारायण(विष्णु)ही है। नारायणपरा वेदा- वेद नारायण के परायण है। पितृदेव मनुष्याणां वेदश्चक्षुः सनातनम्- पितर, देवता, मनुष्यों के सनातन नैत्र वेद ही है। अर्थात् अपौरुषेयवेदोक्त धर्म ही स्मार्त धर्म है।

(1) **स्मार्त**- श्रौत स्मार्त वेद पुराणों में वर्णित सनातन धर्म धर्मशास्त्रोक्त प्राचीन वेद व ऋषि प्रमाणों का पालन करना ही स्मार्त धर्म है। स्मार्त धर्म में पंचदेव गणेश, विष्णु, शिव, सूर्य, दुर्गा की पूजा या इनके विविध अंशावतारों के स्वरूपों की पूजा स्मार्त है। ये सब हिन्दु सनातन धर्मावलम्बि व वर्णाश्रम धर्मालम्बि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्यादि गृहस्थी सब स्मार्त धर्मी ही है। इन सब को आर्ष पंचांगीय ऋषि प्रमाण प्रदत्त धर्मशास्त्र ग्रंथों के आधार पर दिये व्रत पर्वोत्सव मनाना ही श्रेयष्कर है।

(2) **वैष्णव**- एक मात्र विष्णु या राम के पूजक रामानुज, मध्व, वल्लभ, भागवती, रामस्नेही, वैरागी आदि मतावलंबी व तप्तमुद्राधारी, ऊर्ध्वतिलक धारी इन गुरुद्वारों के कंठीधारी गृहस्थी, संत(साद), वैष्णव गृहस्थी जिनकी जाति गुरुद्वारा की कण्ठी व गौत्र है। कुछ कंठीधारी वर्णाश्रम धर्म से बंधे हुये नहीं है गुरुद्वारा धर्म से बंधे हुये ! स्त्रियों के भी कांन फूंक कर गुरु बनते है! जो इस गुरुद्वारा, कंठी के आलावा दूसरे गुरुद्वारा कंठी वालों से वैवाहिक सम्बंध बनाते है जाति कोई भी हो गुरुद्वारा दूसरा होना ही उनका वैष्णव धर्म है। इनका धर्मशास्त्र गुरुद्वारा का मत मानना, व्रत पर्व त्यौहार मनाना ही है इनके कारण एकादशी, कृष्ण जन्माष्टमी, विजया दशमी आदि व्रतोत्सवों का विवाद रहता है। मथुरा, वृंदावन, अयोध्या आदि वैष्णव संप्रदाय मठाधीशों का स्मार्त विपरीत व्रतपर्व निर्णय पूरे देश को भ्रमित कर ज्योतिष की हंसी करा देता है। वस्तुतः राम कृष्ण पूजक भी वैदिक धर्मी स्मार्त ही है। इनमें भी द्वैत भाव पैदाकर धर्म को बांटनें का प्रयास है। जो आर्ष वेद विरुद्ध कृत्य हैं इन्हें भी स्मार्त व्रत ही मनाने चाहियें। इष्ट देव प्रसन्न होंगे।

(1) **वार - उदयादुदयं वार**- सूर्योदय से सूर्योदय तक वार रहता है।
रात 12 बजे से वार तारीख अंग्रेज बदलते हैं।

(2) **व्रतादि** - दिन व्रत दिन में, रात्रिव्रत रात में। **व्रत**- एक समय भोजन।
उपवास- पूरे दिन भोजन नहीं ।

(3) **अहोरात्र**-(दिनरात)६०घटी(24घंटा)एक घटी=0.24मिनट, 1घंटा-2.३०घटी
होरा-दिनरात में 24 होरा 1घंटे में 1 होर। वार से 6ठा वार दूसरी होरा क्रम से वार होरा होगी। सौम्य वार शुभ होरा, क्रूर वार अशुभ होरा।

(4) **प्रहर(याम)**- दिन में 4प्रहर+रात में 4प्रहर कुल 8 प्रहर। एक प्रहर 3 घंटे का।

(5) **दिनमान/2=** (1) पूर्वान्ह - सूर्योदय से आधा दिन 6 घंटा के आसन्न
(2) अपरान्ह- मध्यान्ह से सायं तक 6घंटे के आसन्न।

(6) **तिथि-** घटी के अनुसार तिथि रहती है। कम घटी या ज्यादा घटी के बाद तिथि बदल जाती है जिस का ज्ञान- **उदयव्यापिनी-** सूर्योदय से सूर्यास्त समय तक। **रात्रि व्यापिनी-** सूर्यास्त के बाद में चंद्रोदय के समय में हो तक। **शुद्धातिथि(पूर्णा)**-सूर्योदय से सूर्यास्त तक। **चंद्रोदय व्यापिनी-**चंद्रोदय के समय में हो। **सिनीवाली-**चतुर्दशी मिश्रित अमा जिसमें चंद्र दर्शन आंशिक होवे। **कुहू-**चंददर्शन नहीं होवे प्रतिपदा मिश्रित अमावस्या।

(7) अरुणोदय (उषःकाल, संध्याकाल, ब्रह्ममुहूर्त)- सूर्योदय से 1.30 डेढ़ घंटापहिले का समय। **अरुणोदय / संध्याकाल-** सूर्योदय से3 घटी अर्थात् 1घंटा 12 मिनट पूर्व का अरुणोदय व 2 घंटा पूर्व उषाकाल समय। प्रातः संध्या के संकल्प में सूर्योदय व्यापिनी तिथि वारादि को बोला जाता है।

(8) **पंचधाभक्ता**=दिनमान/5=(1) **प्रातःकाल-** सूर्योदय से 48मिनट पूर्व व 3 मुहूर्त (6घटी) तक= सूर्योदय +2घंटा 24 मिनट तक।

(2) **संगवकाल**(प्रातःकाल) के बाद 6 मुहूर्त (12 घटी) तक =सूर्योदय + 4घंटा 48 मिनट तक।

(3) मध्यान्ह काल (मध्यान्ह दिन) - आगे 9 मुहूर्त (18 घटी) तक = सूर्योदय+ 7घंटा 12 मिनट तक मध्यान्ह संध्या का समय पूर्वा 36 पर 36 मिनट।

(4) **अपरान्ह अभिजित** (विजय) के मुहूर्त- मध्यान्ह 24 मिनट पूर्व व मध्यान्ह +24 बाद का 48 मिनट का समय कुतुपकाल भी कहते हैं अपरांन्ह।

सायान्ह काल- मध्यान्ह के बाद 12 मुहूर्त(24 घटी) तक = सूर्योदय +9घंटा .36मिनट तक यह समय पितृकार्य में ग्राह्य है।

(5) **सायान्ह (प्रदोष) काल-** सूर्योदय के बाद 15 मुहूर्त (30 घटी) तक = सूर्योदय + 12 घंटा सूर्यास्त तक। प्रदोष= सूर्यास्त+2.24= बजे तक तारा दिखने से **नक्त**(रात्री) मानते हैं। **सायं गोधूलि** =सूर्यास्त पूर्व 24 मिनट व सूर्यास्त पर 24 मिनट= 48 मिनट तक गोधूलि रहता है। गुरु दिने सूर्यास्त **पूर्व अर्धयाम** त्याज्यः। शनि दिने सूर्यास्त बाद **कुलिक** त्याज्यः। 13+शनिवार प्रदोष व्रत महापुण्यदायक है।

(9) **दिनमान/15**=मुहूर्त 8वां भाग कुतुप काल= 1 मुहूर्त(48मिनट) = सूर्योदय+6 घंटा24मिनट तक कुतुपकाल। **कुतुपकाल**= मध्यान्ह-24 मिनट व मध्यान्ह +24 तक यह अभिजित(विजय) भी है।

रात्रिमान/15= मुहूर्त 8वां भाग **निशीथ** (अर्धरात्रि) काल=1मुहूर्त (48 मिनट)=सूर्यास्त+6.24 तक निशीथ(मध्यरात्रि) काल।

(10) **तिथि वेध-** (1) **पूर्वविद्धा** तिथि- जो तिथि पहिली तिथि से विद्ध(वेध,मिली) हो वो पूर्वविद्धा कहलाती है। अर्थात् पहिली तिथि में 3 मुहूर्त (2घं.24मिनट) तक मिली है। या 12 घटी(4 घं.48मिनट) तक पहिली तिथि से मिली हो तो पूर्वविद्धा, उस पहिले दिन व्रत करें।

(2) **परविद्धा तिथि-** जो तिथि आगे की तिथि में 3 मुहूर्त के बाद मिली हो या 12 मुहूर्त के बाद मिली (विद्ध,वेध) हो तो दूसरे दिन उसी उदय व्यापिनी तिथि में व्रत करें।

तिथिव्रत निर्णय- कर्मणो यस्य यः कालः तत्काल व्यापिनी तिथि- व्रतपर्व का कर्म काल समय शास्त्र सम्मत तिथि हो उसका व्रत पर्व उसी समय में करें।

(11) **श्राद्ध ज्ञान-** (1) महालय श्राद्ध- भाद्रपद शु.15 से आश्विन कृष्ण पक्ष अमा तक।(2) **पार्वणश्राद्ध** -नाना श्राद्ध आश्विन शुक्ला प्रतिपद पिता आदि तीन का पार्वण। (3) **एकोदिष्ट श्राद्ध**-वार्षिक संवत्सरीश्राद्धः या क्षयाहः संवत्सरी श्राद्धः। सपत्लिक पिता आदि तीन का पार्वण। श्राद्ध मृत्यु तिथि क्षयाहदिन को ही करें। तारीख को नहीं करें।

(12) **नवरात्र(प्रगट दो)**-(1) चैत्र शुक्ला 1 से वासंत नवरात्र (2) आश्विन शुक्ला 1 से शारदीय नवरात्र - इसमें गर्बा आदि उत्सव होते हैं।(2) गुप्त दो- (1) आषाढ़ शुक्ला 1 से (2) माघ शुक्ला 1 से - इन में दसमहाविद्यादि गुप्त विद्याओं का अनुष्ठान होता है।

घटस्थापन- (1) प्रतिपदा क्षय हो तो अमायुक्ता ग्राह्यः(2) द्वितिया क्षय हो तो मुहूर्त मात्र प्रतिपदा ग्राह्यः। (3) प्रतिपदा वृद्धि हो तो प्रथम प्रतिपदा ग्राह्य (4) अमा वृद्धिः हो तो अमायुक्ता प्रतिपदा में करे। अर्थात् **प्रतिदा में ही घट स्थापन करें, द्वितिया में नहीं।** आश्विन प्रतिपदा में यदि वैधृत और चित्रा का संयोग हो तो वैधृत जन्य दोष नहीं वरना वैधृत त्याग करके करें। अभिजित में वैधृतादि दोष नहीं।

(13) **हरिवासर-** आषाढ़ शु.12 को अनुराधा प्रथम चरण, भाद्रपद शु.12 को श्रवण द्वितिय चर्ण ,कार्तिक शु. 12 को रेवती चतुर्थ चर्ण का संयोग, हो तो हरिवासर कहलाता है इन नक्षत्रों के चर्णो को त्याग कर पारणा करें, नहीं तो एकादशी का व्रत भंग हो जाता है।

(14) **एकादशी व्रत-** (1) **स्मार्ता-** (1) यदि दशमी में एकादशी का क्षय हो तो उसी दिन स्मार्ता व्रत करें द्वादशी में पारणा करें। (2) दशमी विद्धा हो या द्वादशी क्षया हो तो भी एकादशी में व्रत करें। एकादशी पूर्ण या वृद्धि हो तो भी पूर्ण एकादशी को व्रत करें।

हरिवासर त्याग कर पारणा करें।(2) **वैष्णव**-(1) एकादशी क्षय हो तो द्वादशी को व्रत करें।(2) दशमी 56घटी से एक पल भी अधिक हो तो द्वादशी को व्रत करें।(3) दो दिन 11 हो तो अगले दिन एकादशी करें।(4) **भागवत(निम्बार्क)**-दशमी 45 घटी से एक पल भी अधिक हो तो निम्बार्क द्वादशी को व्रत करते हैं। शेष दिनों में यथात् एकादशी को ही करते हैं।

(15) महारात्रियाँ - (1) मोहरात्रि (श्रीकृष्ण जन्माष्टमी)-अर्द्धरात्रि व्यापिनी (सूर्यास्त + 6घं.24मि.) या चंद्रोदय व्यापिनी को सप्तमी विद्धा अष्टमी हो तो स्मार्ता व दोनों दिन अर्द्धरात्रि को हो तो अष्टमी को व्रत करें। अगर रोहिणी हो तो श्रैष्ठ नहीं हो तो भी चंद्रोदय व्यापिनी अष्टमी में ही व्रत करते हैं। सप्तमी विद्धा को वैष्णव व्रत नहीं करते हैं। परन्तु रोहिणी युत हो तो विशेष फलदायी है।

(2) कालरात्री (दीपावली) -सायं प्रदोष (सूर्यास्त+2घं.24मि.तारा दिखने तक) से मध्यरात्रि तक अमा हो उसी दिन दीपोत्सव प्रदोष से वृष, सिंह लग्न तक कालरात्रि को मनावें। अमावस्या पूर्ण हो तो अमावस्या को मनावें, नहीं तो चतुर्दशी युत अमा. को मनावें। अमावस्या का विशेष महत्व है अमा नीशान्त में पितृतृप्ति हेतु दीपकश्राद्ध करने का होता है। ग्रहण हो तो सूतक व ग्रहणकाल को त्यागे

(3) महारात्रि(महाशिवरात्रि) - यह व्रत चतुर्दशी तिथि निशीथ व्यापिनी (अर्धरात्रि = सूर्यास्त+6घं.24मि.)में आवे या तृयोदशी न्यूनाधिक हो तो चतुर्दशी विद्धा हो तो उसी दिन की तिथि 14 में मनावे।

(4) होलिका रात्रि- दिन में, भद्रा में, प्रतिपदा तिथि में होलिका दहन नहीं करे। पूर्णिमा ब्रह्म मुहूर्त तक हो उस समय तक होलिका दहन करे। भद्रोपरांत पूर्णिमा के होते भद्रापुच्छ (भद्रा के तृतीय चरण अंत तीन घटी 1.12मिनट का समय) में जो होलिका दहन करते हैं परन्तु **असिते सर्पिणी ज्ञेया सिते विष्टिस्तु वृश्चिकी** भद्रा का डंक त्याज्य है यथा- **सर्पिण्यास्तु मुखं त्याज्यं वृश्चिक्याः पुच्छमेव च।।**'' त्याज्य है (मुहू.चिं.पीयूष धारा) तब राष्ट्र, ग्राम, उस स्थान ''**भद्रायां देशनाशनम्**'' विनाशक घटनायें घटती है। यह भद्रापुच्छ में तो कृष्ण पक्ष की भद्रा में व शुक्ला में वृश्चिकी भद्रा का डंक त्याज्य है। जो विशेष परिस्थिति पूर्णिमा अभाव न हो, में अशुभ को टाल के करने का निर्देश है। चंद्र ग्रहण काल को त्याग कर दहन करे। **रात्रौ भद्रावसाने तु होलिका दीपयते तदा**- रात को भद्रा की समाप्ति पर होलिका का दहन करें। □□

इस वर्ष के विवादास्पद व्रत पर्व का निर्णय-

(1) परशुराम जयंति-ता.19 अप्रेल 2026 वैशाख शुक्ला 2 परम् तृतीया सायं ''प्रदोष व्यापिनी'' ग्राह्या:।

(2) अक्षय तृतीया-ता.2 अप्रेल 2026 वैशाख शुक्ला 3(तृतीया) ''त्रिमुहूर्त व्यापिनी'' पूर्वान्हा ग्राह्य:।

(3) स्कन्द षष्ठी - पूर्व विद्धा ग्राह्या: ता.24 मार्च 2026ई.।

(4) विवस्वत् सप्तमी -ता.21.7.26ई.''पूर्व विद्धा द्विज श्रेष्ठ: कर्त्तव्या।

(5) कोकिला व्रतम्- ता.28.जुलाई 26ई. प्रदोष व्यापिनी आषाढ़ी पूर्णिमा को होता है। यदी दो दिन प्रदोष व्यापिनी हो तो यह व्रत दूसरे दिन होगा।

(6) सिद्धि विनायक व्रतं(गणेश चतुर्थी)- ता.14.9.26 यह व्रत मध्यान्ह व्यापिनी भाद्रपद शुक्ला चतुर्थी के दिन किया जाता है। यदि तृतीया की घटी व चतुर्थी की घटि दोनों में यह मध्यान्ह व्यापिनी हो तो दूसरे दिन करें।

(7) महालक्ष्मीव्रत प्रारंभ:- ता.18.9.26 ई. को व्रत चंद्रोदय व्यापिनी भाद्रपद शुक्ला अष्टमी को प्रारंभ होकर चंद्रोदय व्यापिनी आश्विन कृष्णा अष्टमी में पूर्ण होता है।

(8) राधाष्टमी- ता.19.9.26ई.को राधा जी का जन्म मध्यान्ह व्यापिनी अष्टमी में हुआ था अत: जिस दिन अष्टमी मध्यान्ह व्यापिनी हो उस दिन किया जाता है।

(9) महालय श्राद्ध निर्णय- श्राद्ध अन्तिम श्वांस परित्याग के समय जो तिथि अर्थात् मृत्यु के समय की तिथि में ही करना चाहिए। तारीख को नहीं करें। श्राद्ध करें, श्राद्ध भेलनें की गोठ जरुरी नहीं है।

(10) गोवर्धन पूजा निर्णय- ता.9.10.26ई.

''विशाषायाम् अमावस्या विशाखा प्रतिपद्यता।
आयु पुत्रं धनं हन्ति सुरभि पूजकां स्तथा।।'' अर्थात् कार्तिक शुक्ला प्रतिपदा को ही गोवर्धन, बलिपूजा होती है। द्वितीया में नहीं होती इस वर्ष में अमायुता प्रतिपदा में अमावस्या की समाप्ति पर ब्रह्ममुहूर्त में इसे कर लेना चाहिए। परन्तु यदि प्रतिपदा को विशाखा नक्षत्र आ जावे तब यह अमावस्या युता प्रतिपदा में स्वाति नक्षत्र में ही कर लेनी चाहिए। अगर स्वाति नक्षत्र में नहीं हो सके तो प्रतिपदा में विशाखा नक्षत्र का त्याग कर प्रतिपदा में गोवर्धन पूजा, बलिपूजा कर सकते हैं। प्रतिपदा की समाप्ति पर द्वितीया में नहीं करें क्योंकि चंद्रोदय हो जाता है। □□

पूज्य गुरुदेव



स्व. पं.भवानीशंकरजी द्विवेदी काणाणा

-: संवत्सरफल :-

ऊँ ब्रह्मा मुरारि स्त्रिपुरान्तकारी, भानु शशी भूमि सुतो बुधश्च:।
गुरुश्च शुक्रः शनि राहु केतवः, सर्वे ग्रहाः शांतिकरा भवन्तुः।।

राजा बुध- बुधस्य राज्ये सजलं महीतलं, गृहे तूर्य विवाह मंगलम्।
प्रकुर्वति दानदयां जनोपि, स्वस्थं सुभिक्षं धन धान्य संकुलम्।।१।।

उपराजा गुरु- गुरौ नृपे वर्षति कामदं जलं महीतले काम दुघाश्च धेनवः।
यजन्ति विप्रा बहवोऽग्निहोत्रिणो महोत्सवः सर्वजनेषु वर्तते।२।।

मंत्री मंगल- अवनिजो ननु मंत्रिकतां गतो, भवति दस्युगदादि वेदना।
जनपदेषु जयं सुख संचयंन बहुगोषु पयो द्विजकर्मच ३।।

सस्येश शुक्र- शुक्रो यदा धान्यपतिर्धरायां, मेघो जलं वर्षति शोभनं प्रियं।
गोधूम शालीक्षु धनं प्रियंगु, वृक्षेषु पुष्पाणि सुखप्रदानि।।४।।

धान्येश बुधः- बुध धान्याधिपे मेघा, जलं मुंचति वैभृशम्।
सैन्धवे लाट देशे च, माधवोल्पं च वर्षति।५।।

मेघेश चंद्र :- शशिनि तोयद पेयदि गो महिष्वज खरादिषु दुग्धरसं तदा।
फलवती धन धान्यवती धरा, विविध भोगवती ननुभामिनी।।६।।

रसेश सूर्यः- रसपतौ तरणी धरणौ तदा, विरस भागरताल्प पयोधरा।
वसन तैल धृत प्रियमानवाः, सुखे रसं न भुनक्ति महीपतिः।।७।।

नीरसेश गुरु- हरिद्रा पीत वस्तूनि, पीतवस्त्रादिकं चयत्।
नीरसेशो यदाजीवः, सर्वेषां प्रीति रुत्तमा।।८।।

फलेश चंद्रः- यदि विधुःफलपोद्रुमराशयः, फलयुतावलिभिःकुसुमैर्युताः।
द्विजमुखावर भोग समन्विताः, नृपातयो नयनाटन तत्पराः।।६।।

धनेश गुरुः- सुमनसांच गुरुर्द्रविणाधिपो, वणिज वृत्तिपराःसुख भाजनाः।
फलित पुष्पित भूमि रुहाः सदा, विविध द्रव्ययुता भुवि मानवाः।।१०।।

दुर्गेश चंद्रः- गढपतिःशश लांछन को यदा, नृपसु राज्य विलासितपौ रजाः।
बहु धनेक्षुज गो रास भोगिनो, नर वरावर वर्णित विग्रहाः।।११।।

सिद्धार्थ नाम संवत्सरः- सिद्धार्थ वत्सरे भूयो ज्ञान वैराग्ययुक् प्रजाः।
सकला वसुधा भाति बहु सस्यार्घ वृष्टिभिः।।१२।।


गुरुउदीयमान माघ वर्षः- माघे संपत्करोब्दःस्यात् सर्वभूत हितोदयः।
सम्यग् वर्षति पर्जन्यःसुभिक्षं च प्रजायते।१३।।

मेघ नाम कालः- रोगतो विकलताव पुष्पतांस्यान्मिथःकलहताक्षमाभृताम्।
काल नाम जलदोदयों यदा नैव वर्षति जलं वृषातदा।१४।।

रोहिणी निवास तटेः- "यदि विधि धिष्ण्यं पतति तटस्थम्।
शुभ जल वृष्टिर्धन कण वृद्धिः।।१६।।


नाग नाम तक्षकः- तक्षकाभि नागेन्द्रो जायते यत्र वर्षके।
तत्र मध्यम वृष्टिः स्याद्विग्रहा नृपतेर्मतिः।।१७।।

आद्रा प्रवेश लग्नः-संवत्२०८३ द्वि.ज्येष्ठ शुक्ला८ चंद्र ३२/२१ उ.फा.२०/५८ परं हस्त, व्यतिपात२०/४३परं वरियाण बवकर्णे। ता.२२.६.२६ई.। कन्याचंद्रः। प्रातः सूर्य २/६/१२/१३ ग.५६/५६आद्रायांरवि२६/१७,लग्न७/१०



यदि स्याद् अष्टमी तिथ्यामार्द्रा नक्षत्रगो रविः। सस्यानां वाससा मूल्यं स्वल्प वृष्टिर्न संशयः।।१।। अर्थात् अष्टमी को आद्रा हो तो अन्न, वस्त्रादि का मूल्य बढ़ जाय और वर्षा कम हो। शशिधर वारे स्मर हर धिष्ण्ये। दिन कर वेशेसतिहि सुभिक्षम्।।२।। सोमवार को आवे तो सुभिक्ष हो। हस्तनक्षत्रगे चंद्रे रौद्रनक्षगो यदि। सवितास्यात्तदा सर्वे सस्य सौख्य समन्विताः।।३।। हस्त नक्षत्र हो तो सब लोग धान्यों से संयुक्त रहे। वरीयान् वर्तमानश्चे द्रवे रार्द्रा प्रवेशने। अल्प वृष्ट्य खिलं धान्यं कंद मूलादि दुर्लभम्।।४।। वरीयान् मे हो कम वर्षा होने से कंद मूल फल धान्यादि दुर्लभ हो।


जगल्लग्नः मेषेऽर्क प्रवेशः-



संवत् २०८३ वैशाख कृ.१२ मंगल ३४/१२ शत्तभिषा १४/१३ शुक्ला१४/३, गरकर्णे। कुंभ चंद्र। ता.14.4.26ई.। सूर्य ११/२६/५४/१६ ग.५८/४६मेषेऽर्क ५/५३ लग्न १/११

फल- चैत्र मास में गर्मी, बादल। वैशाख में वर्षा। ज्येष्ठ में गर्मी, बीमारियां। आषाढ़ खण्डवृष्टि। श्रावण में अतिवृष्टि, गृहपातिनी वर्षा। भाद्रपद में सुभिक्ष, गर्मी। आश्विन गर्मी। कार्तिके सुभिक्ष। मार्गशीर्ष मध्यम। पौष, माघ, फागुण में प्रकृति प्रकोप, जनधन पीड़ित रहे।

वर्ष(संवत्सर)लग्नःचिचार



वर्ष लग्नः- वर्षान्त सं.२०८२ चैत्र कृष्णा ३० बुध ५६/३६ पू.भा.५२/५४शुभ५०/४ नागकर्णे। ता.18/19मार्च 2026ई.। मीन चंद्र। प्रातःसू.११/३/१५/६ग.५६/४६अमा इष्ट ५६/३६ ल.१०/६ कुंभे सुखानि पूर्वस्या मुदग्दुर्भिक्ष संभवः। हाहाकारः पश्चिमायां भवेद् धान्य महर्घता।।१।। कुंभ लग्न में वर्ष प्रवेश पूर्व में सुख, उत्तर में दुर्भिक्ष और पश्चिम में धान्य की महंगाई से हाहाकार हो। दक्षिणे विग्रहश्चैव मध्यदेशे महासुखम्।। दक्षिण में विग्रह मध्यदेश में सुख हो।ईशान वायव्य में सुभिक्ष।

लाभ खर्च (अष्टोत्तरी मतेन:)

राशि	मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृष्चि.	धनु	मकर	कुंभ	मीन
लाभ	५	१४	२	११	१४	२	१४	५	८	११	११	८
खर्च	५	११	११	८	२	११	११	५	११	५	५	११
फल	लाभ	हानि	रोग	सुख	विजय	रोग	हानि	लाभ	सुख	विजय	विजय	सुख



देश विदेश की भविष्यवाणियाँ

(विशेषतः-विश्व परिपेक्ष्य में ये भविष्यवाणियाँ है। छत्रभंग का अभिप्राय- सत्ता, सत्ताधीश व बड़े नेता से संबधित जानें। राजा का अभिप्राय सत्ता पर बैठा नेता, मंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति व प्रख्यात व्यक्ति से जानें।सत्ता पर क्रूर योगों का फल जल्दी प्रभावी होता है जो इसमें राजनैतिक भविष्य दिया गया है। अच्छे बुरे योगों का फल "मौसम भविष्य" में पढ़ें)

शनि से- पश्चिमीय देशों में भारी विनाश : भारत की समृद्धि : यतो धर्म स्ततो जयः

इस पूरे वर्ष में शनि मीन(मत्स्य,मत्स्या अवतार) राशि पर चलेगा। जिससे जलज जीवों को कष्ट,समुद्रीय तूफान से विनाश,समुद्र में विलीन बड़े जहाजों,पनडुब्बियों का होना होगा। समुद्रीय युद्ध से समुद्र कोपायमान होवे। समुद्रीय गर्भ मे विनाशकों को विलीन कर देगा। राक्षसीय कृत्य करने वाले पापाचारियों का अंत करेगा। मत्स्या अवतार स्वरूप शनि देव पुण्यात्माओं को बचायेंगे। एवं च- **पृथ्वी वै कम्पयमात्रं प्रचलित पवनः कम्पते नागलोकः। सप्तद्विपेषु सिन्धो र्गिरिवर गहने सर्व वृक्षादि हानिः।। नाशः पृथ्वीपतीनां जनपद विलयो यान्ति मेघाः प्रणाशं। चक्रावर्तेः समस्तं भ्रमति जगदिदं मीनगे सूर्यपुत्रे।।१।।**(वर्ष प्रबोध) अर्थात् मीन शनि से पृथ्वी कम्पित रहे। प्रचण्ड पवन (तूफान) चले,पाताल लोक(अमेरिका) आदि में भूकम्प हो। सप्तद्विपों में,सिंधु तथा पर्वतों में उत्पात हो व सब वृक्षों में हानि हो। राजाओं का नाश हो। जनपद विलीन से मनुष्यों का नाश हो,मेघों का नाश (बादल फटे) और चक्रावात(पवन) से सारा जगत घूमे। एवं च- **कन्यायां मिथुने मीने वृषे धनुषि वा स्थितः। शनिः करोतिदुर्भिक्षं राजां युद्धं परस्परम्।।२।।**(वर्ष प्रबोध) मीन शनि से दुर्भिक्ष और राजाओं में परस्पर युद्ध हो। **अर्क पुत्रो यदा मीने दुर्भिक्षं तत्र रौरवम्। सागराः सर्व नद्यश्च विनश्यन्ति चतुष्पदाः।।३।।** (भविष्यफल भा.) मीन शनि से दारुण दुर्भिक्ष पढ़े और समुद्र तथा सब नदी सूख जावें और पशुओं का नाश हो। **मिथुने वा धनुर्मीने राशौ मन्दःसमाश्रितः। तदा भूपा विनश्यन्ति पृथ्वी शोणित पूरिताः।।४।।** (भवि.भा.) राजाओं का विनाश,पृथ्वी रक्त से पूरित होवे। **कै जु शनीचर मीन को,कैजु तुला को होय। राजा विग्रह प्रजा छय,विरला जीवै कोय।।५।।** (घाघ भड्डरी) **मीन शनीश्चर करता वास। सब देश का करता नाश! अथवा घन हुई परलो काल,सागर की जल तोड़े पाल।। पुर पट्टन दीसै जु जलंत, साधु लोक जग घने क्षयंत।। नदी नीर जावै तिरवंस, होइन बरषा परबत भ्रंस।। बोयो बीज सभी उड़ जाइ,चौपद की जग भूख खाइ।। बारह राशि शनिश्चर फिरै,कहै मेघजल करक जु लरै।।६।।** मेघमाल) **शतभिष पूर्वाभाद्रपद उत्तरा भाद्रपदानि। जो इन महि शनि आवहिं दक्षिण दिश में हो हानि।।सिंहलदद्रजु भीरथ मच्छ कह्यो बनवाइ। तापि महेश अरु किष्किंधा,अरु लंक मनिधार।। कह्यो त्रिकूटै देश ही, श्री पर्वत इक जान। देश ग्यारही दृष्टि इनि ए,दक्षन महि हान।।७।।**(मेघमाल) **मीन शनि संपूर्ण पश्चिम,उत्पात्र युद्ध को भोग। समुद्रीय तूफान भूकंप पवन,राज मरण जन रोग।।८।।** निष्कर्षतः मीन शनि के कारण संपूर्ण पश्चिमीय देश,सप्तद्विप क्षैत्र,सिंधु क्षैत्र,अमेरिका,चीन व कुंभ,मीन,मेष राशियों के देश साढ़े साती शनि पनोती में व सिंह,धनु राशि के देश शनि ढैया में होने से व इन्हिं राशियों के नेता,राजा उत्पात,सत्ता पलट युद्ध,भूकम्प,तूफान, रोग,मरण आदि से पीड़ित होंगे। मीन का शनि गुरु क्षैत्री होने से "स्थान वृद्धि करो शनि" के अनुसार मीन राशि व धनु राशि वाले भारत आदि की होने से विजय,मान सम्मान से वृद्धि सम्पन्नता के साथ अपना बचाव करेगा। इस वर्ष में मीनावतार शनि बीज को नष्ट होने नहीं देगा। गुणी जनों का बचाव भी करेगा। इसलिये तारणहार नारायण(मत्स्य भगवान) की आराधना,यज्ञ आदि से सुनेंगे रक्षा करेंगे। परमाणु प्रदूषण से बचायेंगे। पूरे विश्व में कहीं प्रकृति प्रकोप,भूकम्प,युद्ध से विनाश,जल प्रलय,दुकाल, रोगों से पीड़ित होंगे। राक्षसी कृत्य करनें वाले पापाचारी,आतंकवादी,जीव भक्षकों पर शनि कुपित हो विनाश करेगा। इन राक्षसों के षड्यंत्र की ऐसी स्थिति में **"यतो धर्म स्ततो जयः"** से ही बचाव होगा। **धर्मो रक्षति रक्षितः** धर्म से ही रक्षित हो सकेंगे।

गुरु से - वीर योद्धाओं का संहार : पृथ्वी पर प्रेतों का ताण्डव : भारत में सतयुग सनातन धर्म का प्रभाव

इस पूरे वर्ष में गुरु मिथुन(स्त्री पुरुष मैथुनी श्रृष्टि),कर्क (जलज उच्च राशि) व सिंह (सूर्य क्षैत्री गुरुज,मित्रभ राशि) इन तीन राशियों पर चलेगा तब- **अब्द मध्ये यदा जीवः क्रमाद् राशि त्रयं स्पृशेत्। तदा सुभट कोटीभिः प्रेत पूर्णा वसुंधरा।।१।।**(वर्ष प्रबोध) अर्थात् वर्ष के बीच में यदि गुरु तीन राशियों को स्पर्श करे तो अच्छे योद्धाओं की कोटी (क्वालीटी)। अर्थात् प्रभावशाली वीरों का नाश होता है तथा पृथ्वी प्रेतों से पूर्ण होती है। एवं च- **मिथुने च गुरुर्याति तत्राब्दे दारुणं भयम्। नृपाणां विग्रहस्तत्र स्वल्पं तोयं भविष्यति।।२।।** वर्ष प्रवेश से ता.२५.५.२६ तक मिथुने गुरु से स्वल्प वर्षा,दारुण भय और रजाओं में विग्रह होता है। आगे कर्के गुरु ता.२४.१०.२६तक बृहस्पतिर्यदा कर्के स्वल्पं मेघः प्रवर्षति। राजभिर्विग्रहश्चैव दुर्भिक्षं तत्र जायते।।३।। आगे ता.२४ अक्टुम्बर तक कर्के गुरु व पुनः ता.१०.२.२७ई. से वर्षान्त तक कर्के गुरु से वर्षा कम हो,राजाओं में विग्रह हो और दुर्भिक्ष पड़े। **यदसिंहे गुरुश्चैव सुभिक्षं तत्र जायते। मेघाश्च प्रबलास्तत्र बहु सस्या च मेदिनी।।४।।** सिंहे गुरु ता.२४ अक्टुम्बर से ता.८.२.२७ई. तक होने से वर्षा,खेतियां अच्छी, सुभिक्ष हो। वर्ष में गुरु नीर,जल,अमृत नाड़ियों पर होने से वर्षाप्रद है।

निष्कर्षतः- तीन राशि गुरु चले,मिथुन कर्क अरु सिंह। प्रेतपूर्ण हो वसुंधरा, सुभट मरे रण सिंह।।५।। फल घटित होवे इस वर्ष में मिथुन का गुरु व्याभिचारियों,बलात्कारियों,आतंकवादियों का व उनको प्रश्रय देनें वाले राजाओं लोगों का विनाश करेगा। भारत की धनु राशि का पति गुरु होने से कानून न्याय व्यवस्था कठोर होगी। आगे कर्कस्थ उच्च गुरु धार्मिक उच्च विचार धारा,उच्च शिक्षा व सनातन हिन्दु संस्कृति के प्रति विश्व के अन्य धर्मावलम्बी प्रभावित होंगे। अपनायेगें व अध्ययन करेंगे। सिंहस्थ गुरु अपने गुरु सूर्य के यहां जाकर पुनः अपनी उच्च कर्क राशि पर आकर पापाचारियों का विनाश,सत्तापलट करेंगे। विशेषतः- कलियुग में सतयुग कल्कि अंश का प्रादुर्भाव होगा। यथा- **यदा सूर्यश्च चंद्रश्च तथा तिष्य बृहस्पति। एक राशौ समेष्यन्ति प्रपत्स्यति तदा कृत्तम्।।६।।**(महा.पर्व.२/पृ.६२४) अर्थात् पुक्ष नक्षत्र पर सू.+वृ.+चं.आवे तक सतयुग (मत्स्य,कच्छप वराह,नृसिंहावतार)के समान कलियुग में कल्कि अंश का प्रादुर्भाव होवे पुक्ष गुरु रविचंद्रयुत,सतयुग आजात। **रवि गुरु चंद्र त्रिकोण में,कल्कि अंश प्रगटात।।७।।**जो पापियों का अंत करेगा। सतानत धर्म से भारत को सुदृढ़ करेगा। भारत से अकस्मात् उच्च स्थिति का लाभ,मजबूती प्रदान करेगी। भारत आर्थिक स्थिति से सुदृढ़,विश्वगुरु कहलायेगा।

राहु केतु से - पापियों का संहार : पाप का घड़ा फूटे : पलायन : जल विप्लव

कुंभ राहु भाण्ड तेज जो,पाप घड़ा दे फोड़। मकर राहु जलज मरे,दे कुंभ मकर घर छोड़।।१।। सिंह कर्क राशि पर,केत छुड़ावे खेत। जन पलायन बहु जंग हो,टूटे सारा हेत।।२।। अर्थात् इस वर्ष में कुंभ राहु व सिंह केतु ता.१७.११.२६ तक होने से पापाचारियों के पाप से पाप का घड़ा भर चुका है जो उनकी करतूतों से पाप घट फूटेगा,पापाचारियों का विनाश होगा। सभी प्रकार के बर्तन भी तेज होंगे। मिशाईलों का विस्फोट। परमाणु विकिर्णों का प्रभाव भी विनाशक रहेगा। अग्निकाण्ड, प्रदूषण, विशाक्त दवाईयों से जनधन पलायन करेगा। गर्भज संतानों में विकृति पैदा होगी। इस समय तक प्रदूषित वस्तुओं के खानपान से भी बचे। इसी समय तक सिंह केतु पलायन कारक है। अनेंको वीर युद्ध में वीरगति को प्राप्त होंगे। सिंहादि जानवरों की भी हत्यायें बढ़ेगी। आगे **मकरराहु व कर्के केतु** वर्ष पर्यन्त चलेंगे। मकर राहु से जलज जीवों का मरण व समुद्रादि से बाहर आयेंगे। जलज प्रदूषण से भयभीत होंगे। कर्क केतु भी जलज राशि पर जीव जंतुओं का बढ़ना व संहार होता दिखेगा। युद्धोपद्रव होगा। मित्रतायें टूटेगी। मित्र शत्रु बनकर एक दूसरे को मारने का प्रयास करेंगे। वर्ष भर

राहु केतु जल व अमृत नाड़ियों पर होने से कहीं बादल फटेंगे। जलज जहाज समुद्र में डूबेंगे। बाढ़,अतिवृष्टि का भी ताण्डव,जल विप्लव होगा।

निष्कर्षतः-यह वर्ष कुंभ,मकर,सिंह कर्क राशियों के देशों,नगरों, मनुष्यों को उत्पिड़ित करेंगे। सच्ची नीति व्यवहार व कठिनाईयों में भी अडिग धर्मरक्षकों को ये ग्रह अकस्मात् राजयोगद भी रहेंगे।

चैत्र शुक्ल में- छत्रभंग : समुद्रीय विनाश : वैर विरोध बढ़े : पाप का घड़ा फूटे

(१) ता.२०.३.२६ को मीने चंद्रोदय रेवती नक्षत्र पर होने से **शत्तभिष पूर्वाषाढ़ श्लेष रेवती। भरणी ज्येष्ठा जान चंद्र जे उगमती। छत्र भंग इक मास जगत दुख पावही। होवें राज विनाश अन्न महिंगा वहीं।।१।।** एक मास तक यह फल घटित होगा। सत्ता पलट,राजा(नेता) का मरण होवे। (२) वर्ष प्रवेश से मीने सू.+श.की युति ता.५ अप्रेल तक **अर्क शौरी महायोगो महीनाशाय कल्पते।।२।।** पृथ्वी पर विनाशंक घटना होवे। समुद्रीय उत्पात,जहाजों,पनडुब्बियों का डूबना,पितापुत्र में व मैत्री राष्ट्रों में वैर विरोध बढ़े मुश्लिम देशों में परस्पर लड़ भिड़े विनाश होवे। जलज जीव पीड़ित होवे। (३) ता.५ अप्रेल तक कुंभे मं.+बु.+रा.युति **"त्रयोघ्नंनति नाराधिप।।३।।"** बड़े नेता,राजपुरुष का मरण होवे। कुंभे मं.+रा.युति से अग्निकाण्ड विष प्रदूषण से विनाश होवे। (४) ता.२५ मार्च को कुंभे बु. +रा.का ग्रहण बुद्धिमानियों का राजदूतों का विनाश व सरयू ,नेपाल, पूर्व सागर,स्त्रियों का राजा,योद्धा,पंडित और बालकों का नाश हो।

वैशाख में - रोहिण शकट भिन्न : वायुयान दुर्घटना : युद्धादि विनाश से वसुधा कपाल पूरित : भारी शोक व्याप्त

(१) इस मास में पांच गुरु पश्चिमे विग्रहं अर्थात् पश्चिमीय देशों में युद्धोपद्रव होवे। (२) ता.५ से ७ अप्रेल तक मीने सू.+मं.+श.युति **अर्कशौरी भौम शौरी महा विनाशाय कल्प्यते।।१।। बड़ी विनाशक घटना घटे। त्रयोघ्नंनति नराधिपं।।२।।** बड़े नेता,राजा का मरण होवे। (३) ता.७ से १४ अप्रेल तक मीने सू.+मं.+बु.+श.युति **चत्वारो राज्य नाशाय।।३।।** सत्ताभंग आदि घटे। आगे ता.१४ से १७ अप्रेल तक मीने चं.+मं.+बु. +श.युति **चतुर्ग्रह समायोगे दुर्भिक्षादि भयं भवेत्। महारोग भयं राष्ट्र क्षयो वृष्टि क्षयोऽपि च।।४।।** अर्थात् दुर्भिक्ष,महारोग,राष्ट्रक्षय,वृष्टिक्षय से जनता उत्पिड़िल रहे। **प्लावयंति महिम् सर्वा रुधिरेण जलेन वा।।५।।** कहीं पृथ्वी रुधिर से पूरिल,कहीं जल से पूरित होवे। (४) ता.१४ अप्रेल मेषेऽर्क मंगलवारी भारी गर्मी,अग्नि उपद्रव होवे। (५) ता.१८ अप्रेल चंद्रोदय शनिवारी व भरणी नक्षत्र पर होने से - **जे शशि ऊगे सोम शनि,एक अचंभो जोइ। छत्र परे दिन तीस महिं कै कण महिंगो होइ।।६।।** तीस दिन में फल घटित होवे। (६) मीने मं.+बु.+श.युति ता.१८ से २६ अप्रेल तक बड़े राजपुरुष का मरण। (७) ता.१८ अप्रेल से १२ मई तक आगे मिथुने गुरु पीछे वृषे शुक्र से **आगे गुरु पीछे भृगु सत्ता पलट हो जाय। वर्ण संकर लड़ भिड़ मरे,धर्मक्रांति आ जाय।।७।।** फल घटित होवे। तथा ब्राह्मण,ढोर ,देवस्थान,पूर्व दिशा में विनाश,गले में पीड़ा होवे।(८) मीन मं.+श.युति ता. २६ अप्रेल से १३ मई तक यमारयो पवन हुताशजं भयं अग्नि व पवन भय होवे। **शनैश्चर धरापुत्रा वेकस्थौ वृष्टि कारकौ। तदा च तावती वृष्टिर्यावति गृहपातिनी।।८।।** समुद्रीय तूफान से गृहपातिनी वृष्टि होवे। **मीन राशि शनि भौम युत,युद्ध तूफान गृहपात। अग्निकाण्ड यवन मरे,परमाणुं युद्ध प्रतिघात।।६।।**आदि फल विश्व में घटित होवे। ता.२६ अप्रेल से ता.७ मई तक शुक्र द्वारा रोहिणी शकट पर व शनि दृष्ट से ता.२ को १७ अंश परिमित **शकट भिन्न से प्राजापत्ये शकटे भिन्न कृत्वे व पातकं वसुधा। केशास्थि शकल बला कापालमिव व्रतं धत्ते।।१०।।**(वाराही) अर्थात् पृथ्वी कापालिक व्रत धारण करके केश अस्थियों के टुकड़ों को धारण करती है अर्थात् वायुयान आदी दुर्घटना से अनेंको का मरण या आतंकियों से या

अत्यंत मरी से या परमाणुं, मिशाईलों के विनाशक युद्ध से पृथ्वी मुण्ड से युक्त हो जाती है। पृथ्वी पर भारी शोक होता है।

प्र.ज्येष्ठ में – दो जेठ विग्रह : अमात्यों को भय : विश्व में भारत का वर्चस्व बढ़े।

(१) दो ज्येष्ठ होने से- **रोग पीड़ा भवेज्जयेष्ठे,यज्ञादिकं बहु।।१।।** (बृह.दै.) रोग पीड़ा होवे,यज्ञादि बहु होवे। **ज्येष्ठ द्वये नृपध्वंसो–** दो जेठ में राजध्वंस हो। द्वि ज्येष्ठे नृप विग्रहः।।२।। राज्य विग्रह हो। (२) ज्येष्ठ में पांच शनि, भूकंप,ईशान में भंग,अग्निकाण्ड,युद्धादि उपद्रव होवे। ता.२ मई १ शनिवारी ३० शनिवारी से छत्रभंग होवे। (३) ता.१२ से २५ मई तक मिथुने वृ.+शु.युति **गुरु शुक्रौ यदैकस्थौ नरयुद्धं तदा भवेत्।।३।।** मनुष्यों में परस्पर युद्ध उपद्रव होवे। **द्वौ ग्रहौ नृप संक्षोभम्।।४।।** राजाओं में क्षोभ, शोक होवे। पुरोहिता स्तदाऽमात्याः प्राप्नुवन्ति महद् भयम्।।५।। पुरोहितों,अमात्यों (विदेश मंत्रियों) में बहुत भय होवे। (४) ता.१८ मई चंद्रोदय सोमवार छत्रभंग। (५) १५ से २८ मई तक वृषे बुधादित्य योग शिक्षितों का राजयोग बने। (६) ता.२५ मई से २४ अक्टुम्बर तक उच्च कर्के गुरु से सनातन धर्म व हिन्दुत्व का उच्चत्व बढ़े। विश्व का श्रेष्ठ धर्म, भारत का प्रजातंत्र घोषित हो। (७) ता.२१ जून तक **मेष भौम उच्च गुरु,मीन शनि गुरु दृष्ट। भारत सैन्य शक्ति बढ़े,सनातन धर्म परिपुष्ट।।६।।** फल घटित होवे। विश्व में भारत का वर्चस्व बढ़ेगा।

द्वि.ज्येष्ठ में– युद्धकर्ता का नाश : शांति समझौता : कालसर्प : खर्प्परयोग

(१) पांच सोम से शांति का वातावरण होवे। ता.७ से २१ जून तक कालसर्प योग– **ग्रह बैठत राहु केतु बीच,तब कालसर्प को जाँण। उलट फेर शासन हुये,होसी जन धन केरी हाँण।।१।।** फल घटे।(२) ता.७ जून से ३ जुलाई तक कर्के वृ.+शु.युति भौम दृष्ट व ता.१० जून को अंशात्मक युति से **देवगुरु के उच्च पर,दैत्य गुरु आ जात। शांति समझौता मैत्री सुं, भारत मित्र बढ़ जात।।२।।** अर्थात् दो विपरीत मानसिकता का मिलन इस समय में शांति समझौता मैत्री से भारत के मित्रदेश बढ़ेंगे। **शुक्रे बृहस्पति हते यायी श्रेष्ठो विनाशमुपयाति। ब्रह्मक्षत्र विरोधः।।३।।** (वाराही सं.) अर्थात् श्रेष्ठ यायी(युद्धकर्ता) विनाश को प्राप्त होता है। ब्राह्मणों व मंत्रियों में विरोध होता है। (३) ता.१५ जून अमा को **मिथुनेऽर्क से खर्प्परयोग** होने से **जिनवारा रवि संक्रमें तिनै अमावस होय। खप्पर हाथ लै जग भ्रमै भीख न घाले कोय।।४।।** फल घटित होगा। (४) ता.१७ जून को मोहर्रम बुधवारी होने से **जंगवीच मरि उमराव अग्नि जोर जगमाहि करंति,खलबलि परत सारी हिंद धरा।।५।।** हिन्दु भूमि भारत व नेपाल में युद्ध व उपद्रव से लोग पलायन करे। बड़े राजा(नेता) की मृत्यु होवे।

आषाढ़ में– शकटभिन्न व शुक्र ग्रहण से : दुर्घटनायें ज्यादा : नरसंहार : सत्तापलट

(१) इस मास में पांच मंगल– **करै उपद्रव भूमही,विरला जीवे कोय।।१।।** नरसंहार,अग्निकाण्ड युद्धोपद्रव होवे। (२) ता.१८ जुलाई से ता.४ दिसम्बर तक **मीने शनि वक्र– राजयुद्ध दुर्भिक्ष बहु,जग का करे विनाश।।२।।** फल घटे। (३) ता.३ से ३१ जुलाई २०२६ तक आगे सिंह शुक्र पीछे कर्के गुरु होने से **चक्रवात सिंह शुक्र में ,चक्र परिवर्तन होत। वर्ण संकर लड़ भिड़ मरे, भभके धर्मयुद्ध की जोत्।।३।।** अर्थात् प्रचंड वायु का चक्रवात,सत्ता परिवर्तन,वर्ण शंकर परस्पर लड़ कर मरे तथा धर्मयुद्ध भड़क जावे। (४) ता.६ से २५ जुलाई व १६ जुलाई को १७ अंश पर रोहिणी शकट भेदन से **दुर्घटना शकट जहाज की,विमान गिरे तब व्यौम। अत्यन्त मरी रुंडमुण्ड धरा,जब शकट भेद में भौम।।४।।** अर्थात् वाहन,जहाज,यान से दुर्घटनायें घटित हो पृथ्वी रुंडमुंड धारण करें व अत्यंत मरी से भी मरे। **मरकं करोति घोरं यदि भितवा रोहिर्णी याति।।५।। रोहिणी शकटे केतुभिन्द्यात्सौरोत्थ वा कुजः। तदा तदा जगत्सर्वे संक्षय**

यात्यऽसंशयः।।६।। (वृहद् दैवज्ञ) अर्थात् सारें संसार में जनधन क्षय की घटनायें घटित होवे। वैशाख में शुक्र द्वारा रोहिणी शकट भिन्न व आषाढ़ में मंगल द्वारा शकट भिन्न होने से भय आतंक होता है। गाय गौशाला,समुद्र का विनाश होता है व दक्षिण में भयंकर शोक होता है। (५) ता.३ से ३१ जुलाई तक सिंहे शु.+के. युति व ता.१० जुलाई को शुक्र ग्रहण से स्त्री शासकों,स्त्रियों,मंत्रियों को पीड़ा व काश्मीर,यौधेय,आर्यावर्त, शिवि देश भी अत्यन्त रोग व उपद्रवों से पीड़ित होवे।(६) कर्के गुरु अस्त प.ता.१५ जुलाई से ता.१४ अगस्त २०२६ तक होने से कर्के अस्त जो नृप भयं कुशलं सुभिक्षं।।७।। अर्थात् राजाओं में भय हो,कुशल हो,सुभिक्ष हो।

श्रावण में- पश्चिम में युद्ध : नेपाल,पूर्व सागर में विनाश : बलिष्ठ राजा (नेता) का नाश।

(१) इस मास में पांच गुरु पश्चिम युद्धोपद्रव होवे। (२) ता.१ से १७ अगस्त २०२६ तक कर्के सू.+बु.+वृ.युति व ता.१३ से १५ अगस्त सिंहे सू.+चं.+के.युति। **त्रयोघ्नंनति नराधिपम्**।।१।। राजा(नेता)का मरण। (३) ता.१० से १२ अगस्त कर्के सू.+चं.+बु.+वृ.युति **चत्वारो राज्य नाशायः**।।२।। राज्य में विनाशक घटना घटे। (४) ता.१४ अगस्त को **कर्के गुरु उदय से स्यात्कर्कटे जनमृति**।।३।। मनुष्यों का मरण होवे। (५) ता. २० अगस्त से ता.६सितम्बर तक सिंहे सू.+बु.+के.युति व ता.२२ अगस्त सू.+के.अंशात्म युति से बलिष्ठ राजा का या राजा के समान पुरुष का नाश हो। ता.२३ अगस्त को बु.+के.युति से बुध का ग्रहण **अन्तर्वेदीसरयूं नेपालं पूर्व सागरं शोणम्। स्त्री नृपयोध कुमारान् सह विद्वाद्भिर्बुधो हन्तिः**।।४।।(वाराहि सं.) अर्थात् बुध ग्रहण से अन्तर्वेदी, सरयू, नेपाल,पूर्वसागर और शोणदि देशों की स्त्रियें,राजा,योद्धा पंडित और बालकों का नाश होता है।

भाद्रपद में- कार्तिक तक चीन अमेरिका में विनाश : भूकम्प छत्रभंग

(१) भादवा में पाचं शनि,आसोज पांच रवि,कार्तिक पांच मंगल से- **फिरत चक्र ज्यों देश सब,मचै घनो संग्राम। रुंड मुंड सब जग दुखी,ताको फल भनि आम**।।१।। तीनों मासों में फल घटे व भूकम्प,ईशान में छत्रभंग, अग्निकाण्ड,अमेरिका,चीन आदि देशों में उपद्रव,विनाशक घटे। (२) सिंहे सू.+बु.+के.युति ता.६ से ११ सितम्बर २६ तक व कन्या सू.+बु.+शु. युति ता.१७,१८ सितम्बर से त्रयोघ्नन्ति नराधिपम् - राजा(नेता) का मरण हो। **रवि बुध भृगु इकरास पर,राजभंग उत्पात् धरणि द्वंद कहीं कंप सुं , घटना घटे विख्यात्**।।२।। फल घटित होवे। (३) ता.१२ सितम्बर कन्या चंद्रोदय शनिवारी से ३० दिन में छत्रभंग होवे। (४) ता.२१ सितम्बर से ता. १५ अक्टुम्बर तक शुक्र,शनि दो ग्रह वक्रसे- **यद्वो प्रतीप गौ खेटौ नृपं क्षोभयस्ता**।।३।। राजाओं में क्षोभ होवे।

आश्विन में- वर्ण संकर भयभीत : हिन्दुओं में विग्रह : विमानों का नाश : नया रुपया चले!

(१)इस मास में पांच रवि से **रोग घनो रवि पांच ते**।।१।। **करै उपद्रव भूमहि,विरला जीवै कोइ**।।२।। फल घटे। (२) कन्या सू.+शु.युति ता.२७ सितम्बर से ता.१८ अक्टुम्बर २६ तक **दिवि मध्ये यदा दृश्येच्छुक्र सूर्यपथास्थितः। सर्वभूत भयं कुर्याद् विशेषाद्वर्ण संकरम्**।।३।। अर्थात् विशेषकर वर्ण संकर भयभीत होवे। (३) कर्के चं.+मं.+वृ.युति ता.४ से ६ अक्टुम्बर व कन्या सू.+चं.+शु.युति ता.६ से ११ अक्टुम्बर तक **त्रयोघ्नंनति नराधिपम्**।।४।। राजा(नेता) का मरण होवे। (४)ता.१० को अमा.शनिवारी छत्रभंग। (५) ता.१२ चंद्रोदय सोमवारी छत्रभंग(६) बुध, शुक्र,शनि तीन ग्रह वक्र ता.१५ अक्टुम्बर से ता.७ नवंबर तक होने से **प्रतीपगा स्त्रय खेटा युद्ध दृष्टि भयप्रदाः**।।५।। युद्धोपद्रव से भयप्रद है। (७) ता.१७ से २८ नवंबर तक चिंत्रा राक्षस गण पर शुक्रास्त प.होने से

शुक्रास्त राक्षस गणे हिंदुदेशेषु विग्रहःखर्प्परे राजयुद्धानि मिश्र देशेऽन्न विग्रहः ।।६।। अर्थात् हिन्दुदेशों में विग्रह हो खर्प्पर राज्य में युद्ध और मिश्र देश में अन्न विग्रह हो। **यात्रपात्र विनाशोऽब्धौ फिरंगाणां च विग्रहः ।।७।।** समुद्र में जहाजों तथा विमानों का विनाश हो और फिरंगियों (अंग्रेजों यूरोपियों) में विग्रह हो। **विराट ढुंढ पांचाल सौराष्ट्रेषु रौरवम्। तथा राज्य परावर्त्तो मालवेषु जनक्षयः ।।८।।** वैराट, ढूंढाड़ पांचाल और सौराष्ट्र में कष्ट हो, राज्य परिवर्तन हो तथा मालवा में जनक्षय हो। **जीर्ण दुर्गे भयं भंगःपत्तनेऽन्न महर्घता। नव्य मुद्रा प्रकाशः स्याद् दक्षिणे सुख संपदाः ।।६।।** पुरानें किले टूट पड़ने का भय,दुर्भिक्ष हो। नया रुपया चले और दक्षिण में सुख संपदा हो।

कार्तिक में- दीपावली व देव दीपावली भारी : युद्धोपद्रव विनाश : बम्बगिरी

(१) इस मास में पांच मंगल से "**करै उपद्रव भूमहि,विरलों जीवै कोई।।१।।** फल घटित होवे। (२) ता.२८ अक्टुम्बर २६को कन्या हस्त देवगण पर शुक्रोदय पू. में होने से **कन्यायां नृप पीडनम्।।२।।** राजा को पीड़ा होवे। प्रजा को दुःख हो। (३) मीने चं.+मं.+वृ. ता.३१ अक्टुम्बर से ४ नवंबर व सिंहे चं.+वृ.+के ता.३ से ५ नवंबर व तुले सू.+चं.+बु.युति ७ से ६ नवंबर व सिंहे मं.+वृ.+के.युति १६,१७ नवम्बर तक में **त्रयोघ्ननंति नराधिपम्।।३।।** राजा(नेता) का मरण होवे। (४) ता.८ नवम्बर को दीपावली रवि+स्वाति+आयुष्य योग में होने से **यदि भवति कदाचित् कार्तिके नष्ट चंद्रे,रविकुज शनिवारे स्वातनाष्य योगैः। गगन चर पशुनां स्थावरं जंगमं वा,नरपति नरनाशौ गर्भिणी गर्भपातं।।४।।** अर्थात् भारी युद्धोपद्रव,बम्ब मिशाईल युद्ध व राजा का नाश होवे। (५) लाभ पंचमी शनिवारी ता.१४ नवम्बर व देवदीवाली १५मंगल+भरणी को ता.२४ नवम्बर को होने से **लाभ पंचमी शनिवार की,हाहाकार को योग। काती पूनम भरणी सुं दुर्भिक्ष रोग को भोग।।५।।** फल घटित होवे।

मार्गशीर्ष में- देश विडार : जनधनक्षय : छत्रभंग

(१) तुले बु.+शु.युति ता.२८,२६नवम्बर २६को व सिंहे मं.+वृ.युति ता.३० नवम्बर से ता.२७ दिसम्बर तक व ता.२६ को सिंहे मं.+वृ.की अंशात्मक युति व धने बुधादित्य योग ता.६ दिसम्बर से ता.६ जून २७ तक **द्वौ ग्रहो नृप संक्षोभ।।१।।** राजा(नेताओं) में क्षोभ होवे।(२) ता.८ दिसम्बर को अमा मंगली "**मार्ग अमा क्रूरवारी हुवे,होवे देश विडार।।२।।** देश में युद्धोपद्रव ,देश उझाड़ होवे। (३) ता.१६ दिसम्बर से धनेऽर्क मलमास प्रवेश से **मिगसर में मलमास रवि,धनेऽर्क आवंत। दुःख दुर्भिक्ष हो जगत में,नृप दुःख पावंत।।३।।** फल घटित होवे। (४) ता.२३ दिसम्बर मार्ग शुक्ला १५ क्षय से आगे चैत्र शुक्ला तक क्षय होने से **मार्ग सुदी सुं क्षय तिथि,लगते पांचों मासस,जन रक्षक जगदीश है,छत्रभंग को जांच।।४।।** जनधनक्षय विनाश,छत्रभंग होवे।

पौष में- पश्चिम में युद्ध : नेपाल पूर्व सागर व स्त्री राजा का नाश :

(१) इस मास में पांच गुरु से पश्चिम देशों में युद्धोपद्रव होवे। (२) सिंहे चं.+मं.+वृ.युति **त्रयोघ्ननन्ति नराधिपम्।।१।।** राजा(नेता) का मरण होवे। (३) सिंहे मं.+वृ.युति ता.२७ जनवरी २७ तक व मकरे बु.+रा.युति ६ जनवरी से ता.१४ जनवरी २७ तक व ता.२६ को तुले बु.+रा.से बुध ग्रहण होने से **द्वो ग्रहों नृप संक्षोभम्।।२।।** राजाओं में क्षोभ होवे। बुध के ग्रहण से अन्तर्वेदी,सरयू ,नूपाल,पूर्वसागर,शोणादि देशों की स्त्रियों,स्त्री राजा ,योद्धा,पंडित और बालकों का नाश होवे। (४) ता.१५ जून से ६फरवरी २७ तक मंगल,गुरु दो ग्रह वक्र होने से **नृपंक्षोभयस्तदा।।३।।** राजाओं में क्षोभ होवे।

माघ में- भूकम्प : अणुकंप : युद्धोपद्रव : राज पुरुष का मरण

(१) इस मास में पांच शनि व आगे रविभौम होने से **पांच शनि पांच रवि पांच भूमिजा जोय। छत्र टूटी धरणी पड़े माघादिक जब होय।।१।। पाप घट फूट सी,विस्फोट जंग भूकम्प। ईशान छत्रभंग हो,मासादिक अणुकंप।।२।।** आदि फल घटित होवे। (२) ता.६.२.२७ को अमा शनि व ता.२० फरवरी पूर्णिमा शनिवारी से **माघ अमावस पूर्णिमा रवि शनि मंगलवार। शस्त्र युद्ध राजा लड़े,रोग शोक अपार।।३।।** फल घटित होवे। (३) ता.७ को १ रविवारी से- **माघ अमा शनिवारी सुं, उदंगल होवे देश । सुदी एक रविवारी सुं,युद्धोपद्रव संदेश।।४।।** फल घटे। (४) ता.८ फरवरी को चंद्रोदय सोम व शत्तभिषा नक्षत्र में होने से **माघ सुदी एकम रवि,बहु झूंझे रणबंक। सोम शत्तभिष चंदा उदय,छत्रभंग आतंक।।५।। चंद्रोदय शशिवार को,शत्तभिष रिख के माय। माघ सुदी इणयोग सुं ,नृप मरण हो जाय।।६।** घटे। (५) ता.१२ फरवरी से ता.१ मार्च तक मंगल,बुध,गुरु तीन ग्रह वक्री से **प्रतीपगा स्त्रयः खेटा युद्ध दृष्टि भयप्रदाः।।७।।** युद्धोपद्रव से भय फैले। (६) ता.१३फरवरी को **कुंभेऽर्क** शनिवार व ता.२० को १५ शनिवार होने से **कुंभ संक्रांत शनिवार में,आतंक बढ़े अपार। रोपणी रोपण शनिवार में, होली उपद्रव रवि धार।।८।।** आतंक बढ़े उपद्रव होवे।

फागुण में- रोगोपद्रव : शिवताण्डव पृथ्वी पर विनाश : उल्कापात : छत्रभंगः

(१) इस मास में पांच रवि से अग्निकाण्ड,युद्धोपद्रव। **पांच रवि भय घणो, अग्नि उपद्रव रोग। फोड़ा फुंसी विसूचिका,छत्रभंग को भोग।।१।।** ता.२३.२.२७ को तृतीया मंगली व ता.२६ को छठ स्वाती से **फागुण वदी तीज मंगली,छत्र स्वाति संयोग। रणबंका रण लड़े पांच रवि को योग।।२।।** फल घटे। ता.२७ फरवरी से २४ मार्च तक मंगल,गुरु दो ग्रह वक्री **नृपं क्षोभयस्तदा** राजा(नेताओं) में क्षोभ होवे। (२)ता.६ मार्च २७ई. को महाशिवरात्रि शनिवारी व ता.२१ को होलिका रविवारी से **शिवरात शनिचरी,शिव ताण्डव करंत। उल्कापाति होलिका,हाहाकार परंत।।३।।** आकस्मिक घटनाओं से हाहाकार होवे व मरे। (३) कर्के मं.+वृ.+के.युति ता.२७ फरवरी से ६ अप्रेल तक मकरे चं.+शु.+रा.युति ता.३ से ६ मार्च तक कुंभे सू.+चं.+बु.युति ६ से २१ मार्च तक व कर्के चं.+मं.+वृ.+के. युति से **तीन ग्रहयुत राजा मरे,चतुग्रहयुत महारोग। रक्तरंजित पृथ्वी होवे, छत्रभंग दुःख भोग।।४।।** राजा(नेता) का मरण,छत्रभंग जनता दुखी होवे। (४) दिग्दाहयोग से उल्कापात- **सूर्यात् विधु पंच सप्तमस्यात् क्षोणी सुतो याति तथारि गेहे। दिगुदाहयोगो मुनिनाप्रदिष्टौ संजात उल्का पत्यादिकारी।।५।।** यह योग ता.१५ से १७ व ता.१६ से २१ मार्च को होने से दिग्दाह, उल्कापातादि विनाश घटना घटे। (५) ता.१५ मार्च से ३अप्रेल तक मीने सू.+श.युति से **अर्कशौरी महीनाशाय कल्प्यते** विनाशक घटना घटे। प्रेम टूटे।

चैत्र कृष्ण पक्ष में- छत्रभंग : प्रकृति का ताण्डव : विष प्रदूषणः

(१) इस मास में पांच मंगल व तिथि १,८,३० मंगली से - **मंगल विग्रह कलह कराइ।।१।। पांच मंगल अमंगल करे,रक्तपात उत्पात। छत्रभंग विस्फोट हो, जनता पर आघात।।२।।** रक्तपात,छत्रभंग विस्फोट होवे। **एकम आठम अमावसी मंगलवारी आय। चतुग्रही संयोग सुं,प्रकृति ताण्डव थाय।।३।।** विनाशक घटना घटे। **चैत अमावस रवि शनि मंगल,छत्रभंग वा देश उदंगल। पांच मंगल चैत में होय,हाहाकार करे सब कोय।।४।।** आपदा से जनता में हाहाकार होवे। (२) कालसर्प योग- **सभी ग्रह राह केत बिच,तब कालसर्प को योग। सत्ता पलट उत्पात हो,विष प्रदूषण रोग।।५।।** फल घटे। (३) ता.३ से ५ अप्रेल तक मीने सू.+बु.+श.युति से **त्रयोघ्ननंति नराधिपं।।६।।** राजा(नेता का मरण) (४) ता.५ से ७ अप्रेल को मीने सू.+चं.+बु.+श.युति से **एक राशौ यदायांति चत्वार पंच खेचरा। प्लावयंति महि सर्वा रुधिरेण जलेन वा।।७।।** पृथ्वी पर विनाशक घटना से रुधिर से आप्लावित होवे। □□□

मौसम व वर्षा की भविष्यवाणियाँ

(जहां इन्द्र मेहरबान हो, वहां वर्षत जलधार।
कुपित इन्द्र विप्लव करे, जहां छोड़े वहां कार।।1।।)

पूरे वर्ष में:- (1) शनिफल- शनि (काल सुगालकर्ता,दण्डाधिपति व वरुणेश) इस वर्ष में मीन राशि(मत्स्या अवतार) उभा.सौम्य नाड़ी नक्षत्र पर होने से समुद्रीय जल जन्तुओं में हलचल,उत्पिड़न,कहीं तीन दिन तक वर्षा की झड़ी से जलविप्लव,कहीं प्रचण्ड पवन, समुद्रीय तूफान व रोगोपद्रव,महामारी,भूकम्प होवे। एवं - **अर्क पुत्रों यदामीने दुर्भिक्षं तत्र रौरवम्। सागराः सर्वनद्यश्च विनश्यन्ति चतुष्पदाम्।।१।।** (अर्धप्रकाश) कहीं दारुण दुर्भिक्ष,समुद्र तथा नदी सूखे और पशुओं का विनाश होवे। **मीन शनीश्चर करता वास...सागर की जनल तोड़े पाल।।२।।** कहीं समुद्र अपनी तटीय सीमा उल्लंघन कर विनाश करेगा। मीना अवतार रूप शनि देव बचाव करेगा बीज नष्ट होने नहीं देगा। **स्थान वृद्धि करो शनि** - गुरु क्षैत्री शनि भारत की धनु राशि व मीन राशि के देशों पर मेहरबान भी रहेगा। बचाव करेगा। नारायण अवतार स्वरूप मीना अवतार शनि को यज्ञनानुष्ठानों से संतुष्ट करने पर दारुण काल से बचाव होगा। कहीं तीन दिन तक वर्षा की झड़ी से सस्योत्पत्ति अच्छी होगी।

निष्कर्षतः **धर्मोरक्षति रक्षकः** शनि देव धर्म की रक्षा करनें वालों की रक्षा करेगा। धर्महीनों का दारुण दुर्भिक्ष भोगना होगा।

(२) **गुरु फलम्-** गत वर्ष की भांति इस वर्ष में गुरु तीन राशियों मिथुन,कर्क,सिंह पर विचरण करेगा। जिससे पृथ्वी प्रेतपूर्णा वसुंधरा प्रेतों से पूर्ण होगी। मृतात्मा प्रेतों का उत्पात रहेगा। **गुरु मिथुन पुनर्वसु** नीर नाड़ी ६ दिन की जड़ी,कर्क गुरु पुक्ष जलनाड़ी पर १२ दिन झड़ी, आश्लेषा अमृत नाड़ी पर १८ दिन झड़ी सिंह मघा अमृत नाड़ी १८ दिन झड़ी होने से कहीं बादल फटेगा। अतिवृष्टि से जल विप्लव विनाश भी करेगा। वर्ष प्रबोधानुसार मिथुन गुरु ज्येष्ठ वर्ष ता.२५.५.२६ तक बालकों,घोड़ों को पीड़ा,खण्ड वृष्टि,चोरों से पीड़ा,पश्चिम सिंधु देश व वायव्य ,उत्तर दिशा में चित्र विचित्र वर्षा,रोग पीड़ा होवे। दक्षिण ईशान में सुभिक्ष **कर्क गुरु** ता.२५.५.२६ से ता.२४.१०.२६ तक व यही **कर्क गुरु आगे** ता.६.२.२७ से वर्ष पर्यन्त चलेगा। तब दक्षिण पूर्व में वर्षा हो। पश्चिम में सिंधु देश,वायव्य उत्तर दिशा में चौपायों का नाश,हरिणों को पीड़ा होवे। वर्षा ऋतु में बहुत वर्षा फसलें बहुत हो। **सिंह गुरु** ता.२३.१०.२६ से ६.२.२७ तक पृथ्वी जल से पूर्ण,ब्राह्मणों की पूजा,सत्पुरुषों का मान हो। रोग विवाद हो। सर्प बाधा हो,कार्तिक में सुकाल हो। **मिथुने च गुरुर्याति स्यल्प तोयं भविष्यति।।१।।** मिथुन गुरु में अल्पवर्षा होवे। **आदित्य पुष्याश्लेषा सु गुरु भागे प्रसंगिनी। अनावृष्टि भयं घोरं दुर्भिक्षं सर्व मण्डले।।२।।** कहीं घोर दुभ्रिक्ष होवे। **बृहस्पति कर्के स्वल्पं मेघ प्रवर्षति।।३।।** कहीं अल्पवर्षा,कहीं दुर्भिक्ष होवे। **यदा सिंहे गुरुश्चैव सुभिक्षं च जायते। मेघाश्च प्रबला स्तत्र बहु सस्या च मैदिनी।।४।।** अच्छी वर्षा सुभिक्षं,सस्य बहुत उपजे। ता.१५ जुलाई से ता.१४ अगस्त २०२६ **गुरु का अस्त** होना वर्षा अवरोधक भी है। निष्कर्षतः गुरु खण्ड वृष्टि व कहीं अति विनाशक वृष्टि से दुष्काल घोषित होगा। तथापि भारत की धनु राशि का पति उच्च गुरु अच्छी वर्षा से भारत को सुखी सम्पन्न करेगा।

चैत्र शुक्ल पक्षः- ता.२० मार्च को **चंद्रोदय** मीने चं+सू.+शु.+श.युति ता.१६,२० तक भारी गर्मी पीत वर्ण रोग फैले। वर्ष प्रवेश से ता.५ अप्रेल २६ तक कुंभे मं.+बु.+रा.प्रकृति प्रकोप,तूफान,बिजलीपात से विनाश। ता.२५ **कुंभे बुध** ग्रहण से प्रकृति प्रकोप। वर्ष प्रवेश से मीने सू.+श.युति ता.५ अप्रेल तक विश्व में प्रकृति प्रकोप,चीन में विनाशक घटना घटे,बड़े नेता का मरण होवे। ता.२६ मार्च को **भौमोदय** पू.टिड्डी,चूहों का प्रकोप। कहीं तूफान वर्षा,भारी गर्मी से राहत। शत्तभिषा ३ मार्गी बुध सेवकों को पीड़ा। शूद्रों को कष्ट रोग होवे। ता.२७ से २६ तक बादल,वर्षा। ता.३१ मार्च तक **कालसर्प** विष प्रदूषण। **रेवत्यां रवि** चतुष्पदो,जलज जीवों का विनाश। ता.३१ मार्च से २ अप्रेल तक बादल तूफान वर्षा। ता.१ अप्रेल को १५ बुधवारी मंगलाचार,बधावणां,उत्सव होवे। पूभायां बुध जनता सुखी।

वैशाख कृष्ण पक्षः- ता.२ से ७ अप्रेल तक तूफान,बादल वर्षा। ता.५ से ७ अप्रेल तक **मीने सू.+मं.+श.युति** से भारी विनाश घटना घटे। समुद्रीय विनाश होवे। ता.४ **भरण्यां शुक्र** यवनों को पीड़ा व शूद्र कार्यों वालों का नाश। ता.५ **मीने भौम** से जापान में अनिष्ट,जर्मनी के लिये शुभ। ता.७ से १४ अप्रेल तक **मीने सू.+मं.+बु.+श.**युति से प्रकृति प्रकोप,महारोग,तूफान के जल प्लावन से विनाश। ता.८ **शनि उदय** पू.जनता दुःखी,राज विग्रह पशुओं को कष्ट। **स्त्रिधा वृष्टिः शनिश्चरः** तूफान,बादल वर्षा। ता.६ से १६ अप्रेल तक उभा.पर मं.+बु.+श. युति व ता.१४ से १७ अप्रेल तक मीने चं.+मं.+बु.+श.युति से भारी प्रकृति प्रकोप,विनाश होवे। अप्रत्याशित घटे। ता.१७,१८ अप्रेल को मेष सू.+चं.+शु.युति बादल,तूफान। ता.१५ को मं.+श.की अंशात्मक युति भारी गर्मी अग्निकांड,गृहपातिनी घटना,तूफान से विनाश होवे। ता.१४ अप्रेल **मेषेऽर्क रविवारी** भारी गर्मी,हेजा आदि गर्मी जन्य बीमारियां होवे। ता.१५ **कृत्तिका शुक्र** प्रचंड पवन। ता.१५ से १७ बादल तूफान वर्षा।

वैशाख शुक्ल पक्षः- ता.१८.४.२०२६ई.को १ **शनिवारी** चंद्रोदय बड़े

राजपुरुष का मरण। **मीने मं.+बु.+श.युति** ता.१८ से २६ अप्रेल तक भारी गर्मी,अग्निकांड ,विमान,जहाज,दुर्घटना। **बुधोदय पू.**प्रबल वायु तूफान,बादल, वर्षा। **वृषे शुक्र** जनता में विग्रह,तूफान प्रबल वायु। ता.१८ अप्रेल से १२ मई तक आगे **मिथुन गुरु** पीछे **वृषे शुक्र** से हिन्दुराष्ट्र में व हिन्दुओं पर यवनों(मुस्लिमों) द्वारा उत्पात,धर्म परिवर्तन व वर्ण शंकरीय देशों में सत्ता परिवर्तन। ता.१६ **रेवत्यां बुध** गर्मी। ता.२१ को ५ मंगली युद्धोपद्रव। ता.२० से २५ तक तूफान बादल वर्षा। ता.२१ को ५ क्षय जनता में अशांति। मीने मं.+श.युति ता.२६ अप्रेल से १३ मई तक तूफान,कहीं गृहपातिनी वर्षा होवे,कहीं दो मास तक वर्षा होवे फिर नहीं होवे। समुद्रीय विनाशक घटनायें होवे। शुक्र द्वारा रोहिणी शकट भिन्न ता.२६ अप्रेल से ५ मई तक विमान,जहाज आदि की दुर्घटना,आतंकी घात प्रतिघात घटे। पृथ्वी कपाल व्रत धारण करे अर्थात् रुण्ड मुंड से रक्त पूरित होवे। ता.२६ रेवत्यां भौम अच्छी वर्षा। मेषे बुध गर्मी। **रोहिण्यां शुक्र** शकट यान वाहनादि दुर्घना प्रजा नाश केरल ,कर्नाटक में अनिष्ट। ता.२७ भरण्यां रवि गर्मी,मनुष्यों को पीड़ा। ता.२७ से ३० तक तूफान बादल वर्षा।

प्र.ज्येष्ठ कृष्ण पक्षः-ता.२ मई २०२६ को १ शनिवारी रोग पीड़ा। अमेरिका चीन में उपद्रव,छत्रभंग। अग्निकाण्ड,महामारी पड़े। ता.२ से ५ तक बादल, तूफान वर्षा। ता.७ **मृगे शुक्र** गर्मी,जनता सुखी। ता.१० **कृत्तिका बुध** जनता में ज्वर ज्यादा। ब्राह्मणों पीड़ा। विग्रह । ता.११ **कृत्तिका रवि** तांत्रिकों, कुम्हारों, नाई, ज्योतिषी, व्याकरणाचार्यों को कष्ट। **कृत्तिका एक झबूकड़ो ओगल सो गलियां**– इस दिन बादल बीज वर्षा हो तो वर्ष के दोष समाप्त हो जाते हैं। ता.१२ से १४मई तक **मीने** चं.+मं.+श.तूफान वर्षा। **उभा.२ शनि** राजपीड़ा उपद्रव,स्त्रियों को कष्ट। **वृषे बुध** युद्धोपद्रव,कलह। **मिथुने शु.+वृ.युति** ता.१२ से २५मई तक राहुदृष्ट से प्रकृति प्रकोप,कहीं तूफान से विनाश कहीं दुर्भिक्ष। ता.१२ से १६ तक तूफान,बादल वर्षा। ता.१३ **अश्वन्यां मेषे भौम** भारी गर्मी,अश्वों को पीड़ा। ता. १५ **वृषेऽर्क शुक्रवारी** जनता सुखी। ता.१६ अमा शनि से रोग ज्यादा,चोर अग्निभय,बहुत गर्मी,राजपलट,छत्रभंग होवे।

द्वि.ज्येष्ठ शुक्ल पक्षः- १४ दिन का पक्ष चांदी अनाज तेज। ता.१५ को १ क्षया धान्य तेज। अफीम मंदा। ता.१६.६.२६ को **चंद्रोदय मु.४५** मंदी मंगलवारी अफीम मंदा। ता.१५ से १७ तक चंद्र वस्तुयें तेज। ता.१७ जून से १२ जुलाई तक **मिथुने सू.+बु.**युति राहु दृष्ट से सूर्य वस्तुयें तेज,बुध की मंदी। ता.१७ को मोहर्रम् बुधवारी मूंग, अनाज,कपास तेज। ता.१८ **कृत्तिका भौम** इनकी वस्तुयें तेज। ता.१७ से १९ तक **कर्के चं.+वृ.+शु.**युति इनकी वस्तुयें भारी मंदी। ता. २० को ६ शनिवारी अनाज तेज। ता.२२ **आर्द्रा रवि** में कठोल तेज। ८सोमवारी से मंदी कुछ वस्तुओं में आवे। **वक्री बुध** विपरीत बाजार। **वृषे भौम** इनकी वस्तुयें तेज। **आश्लेषा शुक्र** से मंदी का झटका। ता.१९ से २६ तक चंद्र पापाक्रांत से अच्छी तेजी। ता.२५ को **बुधास्त प.** अच्छी तेजी। ता.२७ को **१३ शनिवारी** तेजी का मास। ता.२८ **पुक्ष२** गुरु तेजी। ता.२९ को **पूर्णिमा+मूल** से मंदी। कंद मूल फल मंदे। **कालसर्प** का पक्ष प्रदूषण,दवाईयां महंगी।

आषाढ़ कृष्ण पक्षः- पांच मंगली मास तेजी का मास। अग्नि उपद्रव। ता.३० जून २०२६ को **१ मंगलवारी** वर्षा अवरोध,अफीम मंदा। ता.३ से ३१ जुलाई तक **सिंह शुक्र व शु.+के.**युति से शुक्र की वस्तुयें तेज व केतु की वस्तुयें मंदी। **पंचक शुक्रवारी** रुई में मंदी। ता.३ से १८ जुलाई तक विषभय,दवाईयां तेज। ता.१ से ३ तक चंद्र वस्तुयें मंदी। ता.४ जुलाई **आद्रायां बुध** मंदी। उभा.४शनि सुगंधित वस्तुयें व शनि की वस्तुयें तेज। ता.४ से ९ तक चंद्र वस्तुयें तेज। ता.६**पुनर्वसु रवि** क्रूरवारी तेजी। **रोहिण्यां भौम** ता.६ से २५ जुलाई तक वाहन,चौपायें व मंगल ,शुक्र की वस्तुयें तेज। ता.८ को नवमी क्षय मंदी का झटका। ता.११ को १२ रोहिणी रसकस आदि तेज। ता.११ **बुधोदय पू.**विपरीत बाजार। ता.८ से १० तक व चंद्र की वस्तुयें घटबढ़ मंदी। ता.११ से १४ तक चंद्र की वस्तुयें तेज। ता.१३ पुक्ष ३ गुरु इनकी वस्तुओं में मंदी का अच्छा झटका। ता.१४ **मार्गी बुध** विपरीत बाजार। शेयर मंदे। **धने.४राहु मघा२** केतु से कठोल तेज। ता.१२ से १४ जुलाई तक **मिथुने चं.+बु.+सू.**से लाल वस्तुएं मंदी,चं.,बु. की वस्तुयें तेज।

आषाढ़ शुक्ल पक्षः- इस पक्ष में तीन बुध से घी तेज। ता.१५ जुलाई से ता.१४ अगस्त २०२६ई. तक **कर्के गुरु** अस्त प.से गुरु की वस्तुओं में अच्छी तेजी। कुछ अन्य वस्तुओं का भाव विपरीत भी संभव है। ता.१५ से १७ जुलाई तक **मिथुने सू.+बु.**से सूर्य की वस्तुयें मंदी। बुध की तेज। ता.१७ जुलाई से १ अगस्त तक **कर्के सू.+वृ.**से इनकी वस्तुयें,अच्छी तेज। ता.१५ से १८ तक चंद्र की वस्तुयें अच्छी तेज। ता.२१ तक चंद्र की वस्तुओं में घटाबढ़ी से तेजी। ता.१५ चंद्रोदय बुधवारी मंदी परन्तु घी में तेजी। ता.१७ जुलाई से १७ अगस्त तक **कर्के सूर्य शुक्रवारी** से मंदी परन्तु चंद्र,गुरु की वस्तुयें तेज रहेगी। ता.१८ जुलाई से ता.४ दिसम्बर तक **मीने वक्रे शनि** से विपरीत बाजार रहेगा। कई शनि की वस्तुयें अच्छी तेजी में रहेगी। ता.२१ से २९ तक चंद्र की वस्तुयें मंदी,घटाबढ़ी भी होगी। ता.२५ **मृगे भौम** को शनि दृष्टि से भारी तेजी। मृगे भौम पुक्षे गुरु ता.२६ जुलाई से १८ अगस्त तक **अंगारक योग** से भारी तेजी। तेजी वाली वस्तुयें ज्यादा तेज व मंदी वाली वस्तुयें ज्यादा मंदी होगी। ता.२५ को मार्ग.पुन.बुध विपरीत बाजार। ता.२८ को **उफायां शुक्र** तेजी। ता.२९ **पुख.४गुरु** तेजी। १५ बुधवारी दवाईयां तेज।

श्रावण कृष्ण पक्षः- पांच गुरु का मास मंदी। १४ दिन का पक्ष चांदी तेज,रुई अनाज मंदे। ता.३०.७.२६ई.को **१ गुरुवारी** कठोल तिल तेल तेज। पंचक शनिवारी मंदी। ता.४ अगस्त तक चंद्र की वस्तुयें तेज। ता.३१ जुलाई से १८ सितम्बर तक कन्या **नीच शुक्र क्रूर ग्रह दृष्ट** होनें से शुक्र की वस्तुयें भारी नीचे व अकस्मात् तेज होगी। धोखा न खायें। बाजार देख कर चले। ता.१ से १७ अगस्त तक **कर्के सू.+बु.+वृ.**युति से सूर्य की वस्तुयें मंद बुध,गुरु की वस्तुयें तेज होगी। ता.३ **आश्लेषा रवि** शुभवारी मंदी। **पुक्षे बुध** मंदी। **मिथुने भौम** ता.३ अगस्त से १९ सितम्बर तक होने से बुध की वस्तुयें,ताकत की दवायें व राहु दृष्ट होने से मंगल की वस्तुयें तेज होगी। ता.४,५ को चंद्र वस्तुयें अच्छी मंदी। आगे ता.१२ तक चंद्र की वस्तुयें तेज रहेगी। ता.५ को **७ बुधवारी** मंदी। ता.८ को **१० रोहिणी** तेजी। ता.९ ११मृगसिर तेजी वक्री **उभा३शनि** से गुरु,शुक्र वस्तुयें तेज। शनि वस्तुयें मंदी। ९ को १२ क्षय से घी रुई तेज। ता.१० **हस्ते शुक्र** घटाबढ़ी से तेजी। ता.१०से १२तक **कर्के सू.+चं.+बु.+वृ.**युति से सूर्य वस्तुयें मंदी,अन्य तेज होवे।

श्रावण शुक्ल पक्षः-१६ दिन का पक्ष चांदी मंदी। ता.१३ अगस्त को **आद्रायां भौम** तेजी,सफेद वस्तुयें मंदी। ता.१५ तक **सिहे सू.+चं.+के.**युति से चंद्र वस्तुयें तेज,सू.के.मंदी। **आश्लेषा गुरु** तेजी। **आश्लेषा बुध** तेजी। ता.१३ से २० तक **आश्लेषा बु.+वृ.**युति व ता.१७ से २० तक **कर्के बु.+वृ.**युति से इन ग्रहों की वस्तुओं में मंदी का झटका आयेगा। कुछ वस्तुयें अच्छी तेजी संभव है बाजार की चाल देख कर चलें। ता.१४ **बुधास्त** तेजी। गुरु उदय से विपरीत बाजार,तेजी से

मंदी। चंद्रोदय मु.३० स्थिरता। रुई में घटाबढ़ी। ता.१७ **सिंहेऽर्क** सोमवारी मंदी से तेजी। ता.१७ अगस्त से १७ सितम्बर तक सूर्य के आगे शुक्र पीछे गुरु से सूर्य की वस्तुओं पर पाबंदी तेजी नहीं होने देवे,मंदी रहे। ता.१७ अगस्त तक चंद्र की वस्तुयें तेज। ता.२२ तक चंद्र वस्तुयें मंदी। ता.२० **सिंहे बुध** व ता.२० अगस्त से ६ सितम्बर तक **सिंहे सू.+बु.+के.**युति से बुध वस्तुयें तेज। सू.,के.की मंदी। ता. २३,२४ चंद्र वस्तुयें तेज। ता.२५ से २७ तक चंद्र वस्तुयें अच्छी मंदी। ता.२३ को **११मूल** तेजी का भूकम्प। ता.२५ **चित्रायां शुक्र** चित्रान्न नारियल,सुपारी, मूंज, बांस,नील तेज। ता.२७ **पूफायां बुध** मंदी। **पंचक** मंदी। ता.२७ से २६ चंद्र वस्तुयें तेज। ता.२८ **आश्लेषा गुरु** प्रत्येक वस्तु तेज।

भाद्रपद कृष्ण पक्षः- पांच शनि से तेजी का मास। १४ का पक्ष चांदी तेज,रुई अनाज मंदे। ता.२६ अगस्त **१ शनिवारी** तेजी। ता.३१ तक चंद्र वस्तुयें तेज। ता. ३१ **पूफायां रवि** शुभवारी मंदी से तेजी। ता.१,२ सितम्बर को चंद्र वस्तुओं में मंदी का झटका। ता.३ से ७ तक चंद्र वस्तुयें तेज। ता.३ **पुनर्वसु भौम** में अच्छी तेजी। ता.४ **उफायां बुध** से तेजी। ८ **शुक्रवारी** रोहिणी से गेहूँ तेज। ता.६ से १७ सितम्बर तक कन्या बु.+शु.युति क्रूर दृष्ट से भारी तेजी। ता.७ से ६ तक **कर्के चं.+वृ.**युति भारी मंदी। ता.१० से ११ तक चंद्र वस्तुयें तेज। ता.६ **कन्यायां बुध** मंदी व ता.६ से १७ सितम्बर तक **सिंहे सू.+बु.+के.**युति से बुधवस्तुयें तेज। सू. के.मंदी।

भाद्रपद शुक्ल पक्षः- ता.१२.६.२६ को चंद्रोदय मु.३० स्थिरता। १शनिवारी सर्व वस्तु तेज। **हस्ते बुध** मंदी। ता.१२,१३ को चंद्र वस्तुयें तेज। ता.१४ से १८ तक चंद्र वस्तुयें मंदी। ता.१४ **उफायां रवि** शुभवारी से मंदी से तेजी। **आश्लेषा गुरु** अच्छी तेजी। ता.१५ धनेष्ठा ३ राहु मघा१ केतु तेजी। ता.१७ **कन्याऽर्क** गुरुवारी मंदी। ता.१७,१८ **कन्या सू.+बु.+शु.**से सूर्य वस्तुयें मंदी,शुक्र तेज। ता. १८ बुधोदय पू.विपरीत बाजार। तुले शुक्र मंदी। ता.१६ **चित्रायां बुध** चित्रान्न मंदे। कुछ वस्तुयें तेज भी रहेगी। **कर्के भौम+वृ.युति** ता.१६ सितम्बर से २३ अक्टु.तक होने से चंद्र गुरु की वस्तुयें घटबढ़ से तेजी,मंगल वस्तुयें मंदी। ता.१६ से २३ तक चंद्र की वस्तुयें मंदी,वस्तुओं का बाजार देख कर चलें। ता.२४ से २७ तक चंद्र वस्तुयें तेज। ता.२१ **वक्री शुक्र** विपरीत बाजार। ता.२१ सितम्बर से ता.१५ अक्टु.तक शुक्र व शनि वक्र होने से इन की वस्तुओं का विपरीत बाजार अर्थात् तेजी से मंदी व मंदी से तेजी में चलेगा। ता.२३ **पंचक** बुधवारी मंदी। ता. २४ से २६ सितम्बर तुले बु.+शु.युति अच्छी मंदी परन्तु मंगल दृष्ट होने से कुछ वस्तुओं में घटाबढ़ी में भी रहेगी। ता.२५ **पुक्षे भौम** सोना में अच्छी तेजी,चांदी में घटाबढ़ी। ता.२६ सितंबर **कन्यायां शुक्र** नीचस्थ ता.२८ नवम्बर तक चलेगा जिससे शुक्र के भाव बहुत नीचे गिर जायेंगे परन्तु क्रूर ग्रह युत से तेजी का बदला भी आयेगा ध्यान रखें। ता.२६ सितम्बर से १८ अक्टु.तक **कन्या सू.+शु.**युति शुक्र के भाव तेज,सूर्य के मंदे रहेंगे। इस में भी शुभ ग्रह से मंदी,क्रूर से तेजी का ध्यान रखें।

आश्विन कृष्ण पक्षः- १४ दिन का पक्ष चांदी तेज,रुई अनाज मंदे। पूरा मास पांच रवि में तेजी। ता.२७ सितम्बर २०२६ई.को **हस्ते रवि** क्रूरवारी घी तेजी, हस्त निर्मित वस्तुयें,हेण्डीक्राफ्ट आदि तेज। ता.२८ **पंचक** सोमवारी मंदी। ता. २८ से ता.४ अक्टुम्बर तक चंद्र की वस्तुयें मंदी। आगे ता.५ से १० अक्टुम्बर तक चंद्र वस्तुयें अच्छी तेज। ता.२६ सितम्बर **स्वात्यां बुध** मंदी। ता.१ अक्टुम्बर वक्री **उभा.२शनि** तेजी। ता.२ **आश्लेषा ४ गुरु** उच्चस्थ तेजी। ता.३ को ८ क्षया घी तेज। ता.४ से ६ अक्टुं.तक **कर्के चं.+मं.+वृ.**युति से मंगल वस्तुयें मंदी। ता. ६ से ११ तक **कन्या सू.+चं.+शु.**युति से सूर्य की वस्तुयें मंदी,शेष में तेजी।

आश्विन शुक्ल पक्षः- १६ दिन का पक्ष चांदी तेज। ता.११.१०.२०२६ को **चित्रायां रवि** क्रूरवारी तेजी,चित्रान्न तेज। ता.११ से २४ अक्टुम्बर तक **चित्रा सू.+शु.**युति शुक्र वस्तुयें तेज,सूर्य मंदी। ता.१२ चंद्रोदय मु.१५ तेजी। ता.११ से १८ तक चंद्र वस्तुयें मंदी व ता.१६ से २६ तक चंद्र की वस्तुयें तेज। ता.१३ **स्वात ४ बुध** मंदी। ता.१५ **वक्री बुध** विपरीत बाजार। ता.१५ अक्टुं.से ७ नवं.तक बुध, शुक्र,शनि तीन ग्रह वक्री से विपरीत बाजार,किराणा तेज। ता.१७ से २८ नवम्बर तक **शुक्रास्त पू.**चित्रा राक्षस गण पर विपरीत बाजार,जमाखोरी बढ़े। ता.१८ तुलेऽर्क रविवारी तेजी। ता.१८ अक्टु. से १६ नवं. तक सूर्य नीच,शुक्र नीच इन दो ग्रहों की वस्तुओं पर विशेष ध्यान रखे घटे तो भारी नीचे आयेगी,कुछ वस्तुयें बढ़े तो व्यापारियों को धोखा मिलेगा,नीचे गिरेंगे,दिवालियां हो जायेंगे। ध्यान रखें। ता.१६ **बुधास्त** किराणा तेज। **आश्लेषा भौम** चांदी,रुई मंदी,समस्त अनाज तेज। ता.२० **पंचक** मंगलवारी तेजी। ता.२३ अक्टुम्बर से ता.६ फरवरी २७ तक **मघा१ सिंहे** गुरु से सर्व धातुयें व सूर्य की वस्तुयें मंदी,गुरु की तेज रहेगी। ता.२३ अक्टु.१७ नवं.तक **सिंहे वृ.+के.**युति से केतु वस्तुयें मंदी,गुरु की तेज रहेगी। ता.२४ **स्वात्यां रवि** क्रूरवारी से तेजी।

कार्तिक कृष्ण पक्षः- १४ दिन का पक्ष चांदी तेज,रुई अनाज मंदे। पूरा मास मंगली भारी तेजी। ता.२७ अक्टू.को १ मंगली अफीम मंदा। वक्री **हस्ते शुक्र** विपरीत बाजार। हस्त उद्योग मंदे। **२ क्षया** घी तेज। ता.२८ **शुक्रोदय पू.**देवगण में मंदी, विपरीत बाजार। ता.२८,२९ को चंद्र की वस्तुयें अच्छी मंदी। आगे ता.३० अक्टु.से ता.६ नवं.तक चंद्र की वस्तुयें तेजी में रहेगी। ता.१,२ को मंगल वस्तुयें मंदी। ता.३,४ को केतु ,गुरु वस्तुयें मंदी। ता.४ **बुधोदय पू.**मंदी,विपरीत बाजार। ता.५ से ७ तक शुक्र वस्तुयें मंदी। ता.७ **विशाषा रवि** क्रूरवारी तेजी। **मार्गी बुध** विपरीत बाजार,तेजी से मंदी। ता.७ से ९ तक **तुले सू.+चं.+बु.**युति लाल वस्तुयें मंदी। ता.७ से १४ नवं.तक शुक्र,शनि दो ग्रह वक्र इनकी वस्तुयें तेज। ता.८ दीपावली रवि+स्वा+आयुष.में भारी तेजी,शस्त्रास्त्र तेज। ता.९ **सोमवती अमा.** मंदी।

कार्तिक शुक्ल पक्षः- ता.१०.११.२६को चंद्रोदय मु.३० स्थिरता। मंगलवारी तेजी,अफीम मंदा। ता.१० से १२ **वृश्चिके सू.+चं.**से चंद्र वस्तुयें तेज,सूर्य मंदी। ता.१२ से १४ तक चंद्र वस्तुयें अच्छी मंदी। ता.१५ से २१ तक चंद्र वस्तुयें तेज। ता.११ से **२ बुधवार** घी तेज। ता.१४ को **५ शनिवारी** तेजी। **मार्गी शुक्र** विपरीत बाजार,तेजी से मंदी। ता.१५ को ६ रविवारी रुई घी तेज। ता.१६ **वृश्चिकेऽर्क** सोमवारी मंदी। अफीम तेज। **मघायां सिंहे भौम** व ता.१६,१७ नवं.तक **सिंहे मं.+वृ.+के.**युति से गुरु,केतु,सूर्य की वस्तुयें तेज व मंगल,केतु की मंदी। ता.१७ मकरे धनेष्ठा२राहु ,कर्के श्लेषा४ केतु अनाज मंदी से तेज। पंचक मंगलवारी तेजी। ता.१७ से ३० तक **सिंह मं.+वृ.**युति से मंगल वस्तुयें मंदी,सूर्य,गुरु की तेज। ता.१८ **मार्गी चित्रा शुक्र** पर शनि,राहु दृष्टि तेज। ता.१९ को १० गुरुवारी घी तेज। ता.२० **अनुराधा रवि** शुभवारी मंदी। मंगल दृष्ट लाल वस्तुयें तेज। **विशाषा बुध** मंदी। ता.२२ से २५ तक चंद्र की वस्तुयें अच्छी मंदी। ता.१५ देव दीवाली मंगल तेजी।

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्षः- १४ दिन का पक्ष चांदी तेज,रुई अनाज मंदे। इस मास में पांच बुध से मंदी का मास। ता.२५ नवं.से **मघा २ गुरु** मंदी। ता.२६ नंव.से ४ दिसं.तक चंद्र की वस्तुयें तेज। आगे ता.५,६चंद्र वस्तुयें मंदी व ता.७ से ९ तक तेजी ता.२८ नवं. से ता.२ जन.२७ तक तुले स्व.शुक्र होने से शुक्र की वस्तुओं में अच्दी मंदी का झटका। कुछ वस्तुयें तेज भी संभव है। बाजार देख कर चलें। ६क्षया रुई तेज। ता.२८ से ३० तक **कर्के चं.+के.**से केतु वस्तुयें मंदी। ता.३० से २ तक **सिंहे मं.+वृ.+चं.**युति से चंद्र,गुरु वस्तुयें मंदी। ता.३,४ तक कन्या की वस्तुयें मंदी। ता.२ **अनुराधा बुध** मंदी। ता.३ **ज्येष्ठा रवि** गुरुवारी तेजी से मंदी। ता.४ मार्गी शनि विपरीत बाजार,तेजी से मंदी। ता.७ बुधास्त पू.सप्तधातु तेज। ता.७ से ९ तक **सू.+बु.+चं.**युति से सूर्य बुध वस्तुयें मंदी। ता.८ **स्वात्यां शुक्र** रसकस तेज,अनाज मंदे। व्यापारी व न्यायाधीशों का वर्चस्व बढ़े। ता.८ अमा. मंगली अच्छी तेजी।

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्षः- पांच बुध से मंदी परन्तु घी भाव तेज। ता.९.१२.२६ को १ बुधवारी चांदी अफीम,अनाज,घी तेज। चंद्रोदय मु.३० स्थिरता। उत्तर श्रृंग, धान्यादि सस्ते। ता.१० से १८ तक चंद्र की वस्तुयें तेज। सूर्य,राहु,शनि की मंदी। ता.११ **ज्येष्ठा बुध** पर मंगल दृष्टि तेजी। ता.१४ से **वक्री गुरु** आगे वर्ष पर्यन्त होने से विपरीत बाजार। नौ मास संग्रह से लाभ होता है। पंचक सोमवारी मंदी। ता.१५ को ६ मंगलवारी लाल वस्तुयें, गुड़,गेहूं तेज। ता.१६ **मूले धनेऽर्क** बुधवारी मंदी,कंदमूल मंदे। ता.१६ दिसम्बर से ता.६ जन.२०२७ई. तक **धने सू.+बु.युति** से सूर्य वस्तुयें मंदी,बुध वस्तुयें तेज। ता.१६ से २३ तक चंद्र वस्तुयें मंदी। ता.२३ **विशाषा शुक्र** मंदी। पूर्णिमा क्षय रुई चांदी घी,अनाज तेज।

पौष कृष्ण पक्षः- पांच गुरु का मास मंदी। ता.२४.१२.२६ को **१ गुरुवारी** पीली वस्तुयें मंदी। ता.३१ तक चंद्र की वस्तुयें तेज व केतु,मंगल,गुरु की मंदी। ता.२५ पूफायां भौम से तेजी। ता.२७ **पूषायांबुध** मंदी। ता.२९ **पूषायां रवि** क्रूरवारी तेजी। सर्दी के ऊनी वस्त्र तेज। ता.१ से ५ जन.२७ तक चंद्र की वस्तुयें मंदी। ता.६ से ८तक चंद्र की वस्तुयें तेज व सू.,बु.वुस्तुयें मंदी। ता.२ **वृश्चिके शुक्र** अच्छी मंदी परन्तु मंगल दृष्ट से कुछ लाल वस्तुयें तेज भी रहेगी। बाजार देख चले। ता.११ वक्री **मघा१गुरु** मंदी। ता.४ **उषायांबुध** मंदी। ता.५ **अनुराधा शुक्र** मंदी। ता.६ **मकरे बुध** व ता.६ से १४ जन.तक मकरे बु.+रा.युति से अच्छी तेजी। राहु की वस्तुयें मंदी। ता.७ बुधोदय प.मंदी। अमा.गुरुवारी मंदी। अन्न मंदा।

पौष शुक्ल पक्षः- ता.९.१.२७ को **२ शनि** चंद्रोदय मु.३० स्थिरता। किराणा, अनाज,रस,अफीम तेज। ता.८ से १५तक चंद्र की वस्तुयें तेज,बुध,राहु,शनि की मंदी। ता.१० पंचक रविवारी तेजी। ता.११ **उषायां रवि** शुभवारी मंदी। मशालें तेज। ता.१२ श्रवणे बुध तेजी। ता.१४ **मकरेऽर्क** गुरुवारी से मंदी,परन्तु राहु युति के कारण रसकस तेज। कुछ वस्तुयें मंदी,तेजी में चलेगी बाजार देख कर चलें।

ता.१४ से ३० जन.तक **मकरे सू.+बु.+रा.**युति से बुध की तेज,सू.रा.की मंदी। ता.१५ वक्री भौम विपरीत बाजार। ता.१५ जन.से ६फर.तक दो ग्रह मंगल,गुरु वक्र होने से अकस्मात् बाजार पलटा खायेगा। मंदी से तेजी व तेजी से मंदी विपरीत चलेगा। बाजार देख कर चलें। ७ क्षया रुई चांदी मंदी। ता.१७ **ज्येष्ठायां शुक्र** मंदी। ता.१६ से २१ तक चंद्र की वस्तुयें अच्छी मंदी। ता.२२ से २५ तक चंद्र वस्तुयें तेज। ता.१६ धनेष्ठा १राहु श्लेषा ३ केतु कठोल तेज। ता.२२ को **वृषे बुध** व अच्छी मंदी।

माघ कृष्ण पक्षः- पांच शनि का मास तेजी। ता.२३.१.२७ को १ शनिवारी व अभिजित रवि शनिवार से तेजी,अफीम मंदा। ता.२४ को **श्रवणे रवि** रविवारी से तेजी। अफीम १४ दिन में तेज। ता.२४ से २८ तक चंद्र वस्तुयें तेज,मं.,वृ.मंदी। ता.२८ मार्गी **उभा३ शनि** तेजी। वक्री **मघायां भौम** तेजी। ता.२८ से ४ फरवरी तक चंद्र की वस्तुयें मंदी। ता.२६ मूले धने शुक्र अच्छी मंदी,कुछ में घटाबढ़ी से तेजी। ता.३० कुंभे बुध मंदी से तेजी। ता.३ **धनेष्ठा** ४बुध तेजी। ता.५ से ७ तक **मकरे सू.+चं.+रा.**से चंद्र वस्तुयें तेज व सू.रा.वस्तुयें मंदी। ता.६ धनिष्ठा रवि,शनिवारी से तेजी। वक्री बुध विपरीत बाजार। अमा.शनिवारी तेजी।

माघ शुक्ल पक्षः- १४ दिन का पक्षरुई चांदी अनाज घी तेज। ता.७.२.२७ को पंचक रविवारी तेजी। ता.८ चंद्रोदय मु.१५ तेजी। ता.७ से ११ तक चंद्र की वस्तुयें तेज। ता.६ वक्री श्लेषा४ कर्के गुरु तेजी। ता.६ फरवरी से वर्ष पर्यन्त **आश्लेषा वृ.+के.** युति से गुरु वस्तुयें अच्छी तेजी,केतु मंदी। ता.१० बुधास्त प. तेजी। **पूषायां शुक्र** अच्छी मंदी। ता.१२ से १८ तक चंद्र वस्तुयें मंदी। ता.१६ से २२ तक चंद्र वस्तुयें तेज। ता.१२ फरवरी से १ मार्च तक मंगल,बुध,गुरु तीन ग्रहों से अच्छी तेजी,विपरीत चाल। ता.१३ **कुंभेऽर्क** शनिवारी से अच्छी तेजी। ता.१३ फर.से ६ मार्च तक कुंभे सू.+बु.युति मंगल दृष्ट,पापकर्तरी में अच्छी तेजी। सू.+बु.की वस्तुओं में भारी उछाल। ८+**कृत्तिका** से तेजी। ता.१८ से २० फरवरी **कर्के चं.+वृ.+के.**युति से कई वस्तुयें ज्यादा तेज,बाकी मंदी। बाजार देख कर चले। ता.१६शत्तभिषा रवि शुभवारी से मंदी। ता.२० को १५शनिवारी तेजी।


फाल्गुन कृष्ण पक्षः- १६ दिन का पक्ष रुई गेहूं तेज,चांदी मंदी। पांच रवि का महिना तेजी। ता.२१.२.२७ को १ रविवारी तेजी। **उषायां शुक्र** अच्छी मंदी। ता. २४ फर.से ३ मार्च तक **मकरे शु.+रा.**युति अच्छी तेजी। ता.२१ से २६ तक चंद्र की वस्तुयें घटाबढ़ी से तेजी। ता.२७ से ३ मार्च तक चंद्र वस्तुयें मंदी। ता.४ से ८ तक चंद्र वस्तुयें तेज। ता.२७ वक्री श्लेषा कर्के भौम तेजी। ता.१ मार्च **मार्गी बुध** विपरीत बाजार। तेजी से मंदी। ता.२ उभा.४ शनि तेजी। ता.४ **श्रवणे शुक्र** मंदी। तिलहन तेल तेज। ता.५ **पूभायां रवि** शुक्रवारी मंदी। ता.६ पंचक शनिवारी तेजी। ता.६ से २१ मार्च तक **कुंभे सू.+बु.+चं.**से अच्छी तेजी। ता.८ अमा. सोमवती मंदी।

फाल्गुन शुक्ल पक्षः- १४ दिन का पक्ष रुई ,चांदी,अनाज घी तेज। ता.८.३.२७ को १ मंगली तेजी। **मार्गी धनेष्ठा** ४ बुध मंदी। ता.२१ मार्च तक मकरे शु.+रा. युति से अच्छी तेजी,राहु वस्तुयें मंदी। चंद्रोदय मु.४५ मंदी। मंगलवारी दक्षिण श्रृंग से तेजी। **दिग्दाहयोग** ता.१५ से १७ व १६ से २१ तक भारी तेजी। जो वस्तुयें उछाल खाए वे तेज ज्यादा रहेगी। ज्यादातर चंद्र वस्तुयें तेज। ता.६,१० को चंद्र वस्तुयें तेज। ता.११ से १४ तक चंद्र वस्तुयें मंदी। ता.१८ से २३ तक चंद्र वस्तुयें तेज। ता.१२ वक्री श्लेषा ३गुरु तेजी। ता.१५ **मीनाऽर्क** सोमवारी मंदी परन्तु ता.१५ मार्च से ३ अप्रेल तक **मीने सू.+श.**युति अकस्मात् भारी तेजी। विशेष कर सूर्य,शनि वस्तुयें भारी तेज। **धनेष्ठा शुक्र** मंदी। क्षया८ तेजी। ता.१६ से वर्ष पर्यन्त शनि अस्त अच्छी तेजी। कुछ वस्तुओं के भाव अतिमंदी में भी संभव है देख कर चलें। ता.१७ से १६ तक **कर्के वृ.+मं.+चं.+के.**भारी घटाबढ़ी मंगल,केतु की वस्तुयें मंदी,चंद्र गुरु की तेज। ता.१८ उभायां रवि गुरुवारी मंदी थोड़े समय में फिर तेज। शत्तभिषा बुध मंदी। ता.२१ मार्च से ३ अप्रेल तक **कुंभ बु.+शु.**से अच्छी मंदी।

चैत्र कृष्ण पक्षः- पांच मंगली मास तेजी। ता.२३.३.२७ को १ मंगलवारी तेजी,अफीम मंदा। श्रवण४ राहु श्लेषा२ केतु गेहूँ ,अन्न तेज। ता.२४ **मार्गी भौम** विपरीत बाजार। ता.२४ से ३१ तक चंद्र की वस्तुयें मंदी। क्रूर ग्रह दृष्ट से घटाबढ़ी से कुछ वस्तुयें तेज संभव है। ता.२६ **शत्तभिषा शुक्र** मंदी,रसकस तेज। ता.२८ **पूभायां बुध** मंदी। ता.३० रेवती १ शनि कठोल तेज,सोना,चांदी मंदे। ता. ३१ **रेवत्यां रवि** बुधवारी मंदी। ता.१ अप्रेल बुधास्त पू.विपरीत बाजार तेजी। ता. २ **पंचक शुक्रवारी** मंदी। ता.३ **मीने बुध** वर्षांत तक मीने सू.+बु.+श.युति बुध की वस्तुयें तेज। सूर्य,शनि की मंदी। ता.१ से वर्षान्त तक चंद्र की वस्तुयें तेज। ता.६ **उभायां बुध** मंदी। **पूभायां शुक्र** मंदी। अमा.मंगली तेजी। **मीने सू.+चं.+बु.+श.**चतुग्रही युति अच्छी तेजी। ☐☐☐

हस्त रेखा ज्ञान

(१) **कनिष्ठा:-** अंक १,अग्नि तत्व,लालरंग,पश्चिम दिशा,बाल्याऽवस्था,विषम,ब्राह्मणवर्ण, लक्ष्मण रूपा, प्रथम पर्व से धातु मूल जीव चिंता, **(२)अनामिका:-** अंक२, वायुतत्व, हरारंग,दक्षिण दिशा, कुमार अवस्था,सम,क्षत्रियवर्ण,विभिक्षणरूपा, प्रथम पर्व से जीव,मूल,धातु चिंता **(३)मध्यमा:-** अंक३, जल तत्व,श्वेत रंग, उत्तर दिशा,युवावस्था,विषम, वैश्यवर्ण,हनुमान रूप प्रथम पर्वसे धातु, मूल जीव चिंता। **(४)तर्जनी:-** अंक ४,पृथ्वीतत्व,पीला रंग,पूर्व दिशा, प्रौढावस्था, सम, शुद्रवर्ण, सीतारूप, प्रथम पर्व से जीव ,मूल,धातु चिंता। **(५) अंगुष्ठ:-** अंक नहीं, आकशतत्व, श्याम रंग,वृद्धावस्था,विषम,श्रीराम रूप, प्रथम पर्व से धातु,मूल जीव चिंता, **स्पर्शनाधिकार:-** अपने आराध्य देव का स्मरण कर पूछने वाले से अंगुलियों का स्पर्श करावें। शुक्ल पक्ष से जिमणा हाथ सम्मुख करके व कृष्ण पक्ष में डावा हाथ सम्मुख करें व रात्रि में पृष्ठ भाग से सम्मुख कर स्पर्श करावें-



चौपाई:**रामचंद्र घर लीला विलास,सीता कष्ट सेवई बनवास। हनुमत काज सफल बनावई,लक्ष्मण काज करी घर आवई।। लंकाराज विभिक्षण पावई, कर्मरूप फल सर्व बतावई।।१।।**अर्थात् **अंगुष्ठ**(रामचंद्र) का स्पर्श करें तो भगवान् श्री राम के जीवनवत् घटनाक्रम कहें। घर में लीला,विलास व खुसियां होवे। अनीति,अत्याचार के खिलाफ लड़ना पड़ेगा। माता-पिता का विछोह रहेगा। युवावस्था में पतिव्रता सुन्दर स्त्री का सुख रहेगा परन्तु स्त्री चिंता रहेगी। भ्रातृ सुख अच्छा। अंततो जीवन में राजयोग,संतान सुख,निष्कलंक जीवन होगा। **तर्जनी**(सीता) के स्पर्श से कष्ट युक्त जीवन,बनवास आदि का व्रतांवत् फल कहे। **मध्यमा**(हनुमान) के स्पर्श से सभी कार्य सफल होवे। स्वामी भक्त व सत्यनिष्ठ घोटे लंगोटे का सावधान होवे। भगवत् स्मरण से पूज्य होवे। **कनिष्ठिका**(लक्ष्मण) के स्पर्श से सभी कार्य करके घर आयेगा। जय विजय,भ्रातृ स्नेह,क्रोधी स्वाभिमानी होवे। **अनामिका**(विभिक्षण) के स्पर्श से राजयोग बनें। सत्यनिष्ठा,सत्य का पक्ष, भगवान पर दृढ़ आस्था सर्वोच्च सत्ता तक पहुँचायेगी। सभी शत्रुओं का पराभव होगा। अपनी सम्पत्ति, अधिकार मिलेगा। इस प्रकार विभिक्षण के अनुसार फलकहें। चारों ही अंगुलियों का स्पर्श करनें पर कर्म के अनुसार सुख दुख प्राप्त होगा। जीवन की रामायण लम्बी एवं विचित्र है। इसी प्रकार सम अंगुलि से बालिका,**विषम** से पुत्र व **तल**(हथेली) स्पर्श से नपुंसक जन्म होवे। **विषम अंगुली** स्पर्श से लाभ,सुख, जीवित,आगमन,जय और कार्य होगा व सम अंगुली स्पर्श करनें से अलाभ,दुख,मरण, अनागम,पराजय और कार्य नहीं बनेगा कहें। **कनिष्ठा से तर्जनी** तक क्रमशः१,२,३,४ अंक माने व प्रश्चक को इन अंगुलियों का स्पर्श तीन बार करावें उन सभी अंकों का योग एकी है तो उत्तम,कार्य बनेगा। व दोकी(सम) हो तो कार्य में विलम्ब है। अंक लाभ भी इसी प्रकार देखें। **मुष्टि प्रश्न** में अंगुलियों के पर्व(पौर) स्पर्श से धातु मूल जीवचिंता को बतावें। **नष्ट वस्तु** में पृथ्वी वा जल तत्व हो तो नष्ट वस्तु भूमि वा जल में है और प्रयास करनें पर भी न मिले। अग्नि,वायु और आकाश तत्व हो तो वस्तु मिलेगी। इसी प्रकार दिशा,वर्ण अवस्था ज्ञान कर नष्ट वस्तु चौर का ज्ञान करे।

रेखाधिकार– मूलं निहत्याऽत्र कुतः सुखीस्यात्– अर्थात् मूल(भाग्य रेखा) आदि शुभ रेखाओं के न होनें से मनुष्य सुखी नहीं रहते हैं। **कुशाग्र रेखा कुतो दरिद्रता** अर्थात् कुश के समान अग्र भाग वाली सुन्दर रेखाओं के होनें से मनुष्य दरिद्र नहीं होते है।

विनाशयुक्ताश्च कुत फलानी– अर्थात् छिन्न-भिन्न रेखाएं अपने शुभ फल को नहीं देती है। **अंगुष्ठ में यव** हो तो शुक्ल पक्ष का जन्म जानें। अंगुष्ठ मूल में शुक्रपर्वत पर बड़ी रेखाओं से पुत्र,छोटीसे कन्याएं कहे,टूटी रेखाओं से संतानों का गुजरना व ज्यांदा जगह हो तो गर्भपातादि से संतान में विलम्ब कहे। कनिष्ठिका के नीचें **स्त्रियों का कहें।** दो या तीन स्त्री रेखायें हो तो मंगली जानें। इससे नीचे हृदय रेखा व इससे नीचे भाई-बहिन रेखाएं होती है। बड़ी रेखाओं से भाई व छोटी से बहिनें कहें। हृदय रेखा स्वच्छ साफ हो तो हृदय का पवित्र व लम्बी आयुष्य वाला है। इसके कटीफटी होनें से हृदय रोगी जानें। मस्तिष्क रेखा से माता सुख,बुद्धि की कुशाग्रता,विद्या योग को बतावें। पितृ रेखा से पितासुख,दीर्घायु आदि का ज्ञान करें। बीचों-बीच भाग्य रेखा से भाग्यशाली,सुखी सम्पन्न होवे। एवं च-

राजते करगो यस्य तिलोऽतुल धनप्रदः। तदा पादतले पुंसां वाहनार्थ सुखप्रदः।।१।।

अर्थात् जिसके दाहिने हाथ में तिल हो तो अतुल धन देता है एवं पैर के तलुवे मे तिल हो तो वाहन और धन का सुख देते है।

स्वास्तिके धन सौभाग्यं मीने सर्वत्र पुज्यता। श्रीवत्स वांछिता लक्ष्मी,गवाद्यं दामकेन च।।२।।

अर्थात् स्वास्तिक के चिन्ह होनें से धनी और सौभाग्यशाली होता है। मत्स्य के चिन्ह से सर्वभाग्य और पूज्य होता है। लक्ष्मी के चिन्ह से धनी और रस्सी के चिन्ह से गौ इत्यादि वाला होता है ▢▢▢

वार्षिक राशि भविष्य संवत् २०८३
(सन् 2026-2027 ई.)

विशेषः- स्त्री,पुरुष,देश ग्राम वस्तु चर अचर की राशि का भविष्य भी निम्न अनुसार प्रभावी होगा।



मेषः- चू चे चो ला ली लू ले लो अ (ल = लृ,अ = अं,आ)

इस वर्ष में आपको पूरे वर्ष १२ वें शनि साढ़े साती पनोती **लोह का पाया सियार वाहन पर गमन** करेगी। पाया वाहन तेज होने से विश्वास से धोखा,भागीदारी में धोखा,यात्रा प्रवास में सावधानी रखें। सिरदर्द,सर्दी,जलघात उदर पीड़ा बने। शुभकार्यों में खर्च प्रदेश से आर्थिक लाभ,राजकीय क्षेत्र में खर्च,विजय,शत्रु दमन होवे। धार्मिक आस्था,कपट से दूर रहे शनि लाभ देगा। वर्ष प्रवेश से **कुंभे राहु ११ वें व सिंहे केतु ५ वें** ता.१६.११.२६ तक होने से राहु सर्वारिष्ट नाशक, आर्थिक प्रगति लाभप्रद है। केतु पढ़ाई में अवरोधक है। संतान चिंताप्रद भी रहे। आगे वर्ष पर्यन्त मकरे १० वें राहु प्रगति,स्थान परिवर्तन, राजयोगद है। **केतु चौथे कर्क** का आगे वर्ष पर्यन्त पारीवारिक संघर्ष,सम्पत्ति विवाद प्रद है। वाहन चालन में सावधानी, भागीदारी में धोखा। खानपान में सावधानी रखें। वर्ष प्रवेश से ३ रें **मिथुने गुरु** ता.२५.५.२६ तक परीश्रम से लाभ, पराक्रम वृद्धिः, भाग्योदय,स्त्री संतान सुख व धार्मिक शुभकार्यों में यश,संतान चिंता कम होगी। आगे सुखस्थ **कर्के उच्च गुरु** ता.२४.१०.२६ ई.तक भूमि मकान वाहन सम्पत्ति सुख,भाग्य में उच्चत्व,आकस्मिक लाभ,यात्रा प्रवास में लाभ बनेगा। आगे **५वें सिंहे गुरु ५वें** ता.१०.२.२७ ई.तक संतान हेतु शुभ काम,संतान की प्रगति व स्वयं का विद्या बुद्धि से भाग्योदय,आर्थिक लाभ,मनोबल बढ़े। आगे पुनः **कर्क गुरु** वर्ष पर्यन्त भाग्य में उच्च स्थिति प्रद रहेगा। पूरे वर्ष में अकेला गुरु पराक्रम ,सुख,संतान भावों पर गतिशील होगा जो अनिष्ट से बचायेगा, मनोनुकूल सफलता देगा।

निष्कर्षतः- इस पूरे वर्ष में भाग्य में उच्चत्व,संतान की प्रगति व चिंता कम होगी। किसी की बातों व धोखे से बचे। वर्ष में भाग्य आपके अनुकूल रहेगा। तथापि पनोती में लाभ हेतुग्रहों की अनुकूलता के लिये रुद्राभिषेक, प्रदोषव्रत, सर्पशांति, ग्रहशांति यज्ञ, हनुमान उपासना, गायों को घास व धार्मिक शुभकार्यों में खर्च करनें से रुके कार्य बनेंगे। दूर्वा,कुशा,समी (खेजड़ी)समिधा यज्ञ से प्रगति बनें,रुके कार्य बने। मूंगा,मोती,पुखराज रत्न धारण से लाभ होगा। नीलम, गोमेद, लहसुनियां भूल करके भी नहीं पहनें। अंक १,५,६ एवं लाल पीली गुलाबी वस्तुओं में लाभ बनेगा।



वृषभः-ई उ ए ओ वा वी वू वे वो (व = ब)

इस वर्ष प्रवेश से **मीने शनि ११ वें** भाग्य में राजकीय व व्यापारिक क्षेत्र लाभ भाग्योदय,सम्पन्नता,मनोबल वृद्धि,संतान सुख, संतान की प्रगति व आकस्मिक लाभ के संयोग बनेंगे। वर्ष में १० वें **कुंभे राहु व चौथे सिंहे केतु** ता.१६.११.२६ तक राजयोगद, प्रगति, स्थान परिवर्तनप्रद है। केतु के कारण शोक संवेदना,सम्पत्ति भूमि विवाद,पारीवारिक कलह रहेगा। आगे वर्ष पर्यन्त मकरे राहु ९वें भागयोदय,राजयोगद है। एवं **कर्क का केतु ३रें** सर्वारिष्ट नाशक, पराक्रम वृद्धिप्रद है। सहोदर चिंता रहेगी। वर्ष प्रवेश से **मिथुने गुरु २ रे** ता.२५.५.२०२६ तक आकस्मिक धन लाभ,कष्टों से व धोखें से बचाव होगा। आगे ३ रें **कर्के उच्च गुरु** ता.२४.१०.२०२६ई.तक पराक्रम वृद्धि,स्त्री संतान चिंता दूर होगी। उच्च आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक कार्यों में यश मिलेगा। आगे सुखस्थ **सिंहे गुरु** ता.१०.२.२७

तक होने से भूमि मकान वाहन सुख,जमीन से आकस्मिक लाभ,यात्रा प्रवास, तीर्थाटन होंगे। विदेश गमन भी होवे। तथापि राजकीय व व्यावसायिक क्षेत्र में धोखे से सावधान रहें, प्रलोभन से धोखा, विश्वासघात होवे।

निष्कर्षतः- **गुरुक्षैत्री शनि व गुरु की उच्चस्थिति**,भाग्योदय, राजयोग, आकस्मिक धनलाभ,सम्पन्नता,सुख समृद्धि का वर्ष है। तथापि ग्रहों कि प्रसन्नता हेतु रुद्राभिषेक, शिव उपासना, सर्पशांति, सुन्दरकांड पाठ, प्रदोष व्रत, ग्रहशांति, दुर्गायज्ञ से विजय लाभ सफलता प्रगति मिलेगी। मंदिर पर ध्वज चढ़ाना,दुर्वायज्ञ,मयूर मछलियों,चीलों व कुत्तों को भोजन देनें से राहु केतु आदि अपग्रह शांत होंगे। गायों को घास अपंग, अपाहिजों को भोजन देनें से शुभ रहेगा। हीरा पन्ना नीलम रत्न धारण से लाभ होगा। अंक २,६,११ व सफेद,हरी,पीली,काली वस्तुओं से लाभ बनेंगा। स्त्रियोचित वस्तुयें व सौन्दर्य प्रसाधन के व्यवसाय में लाभ होगा। घी,मक्खन, दूध,छाछ आदि से लाभ बनेगा।



मिथुनः-का की कू घ ड़ छ के को ह(क=कं,का,ह=हं,हा)

आपको इस पूरे वर्ष में आपका भाग्येश **शनि १०वें मीन** पर चलेगा जो राजकीय व व्यावसायिक क्षेत्र में आकस्मिक लाभ,स्त्री संतान सुख, भूमि मकान वाहन सुख,विदेश गमन,यात्रा प्रवास व कष्टों से बचाव होगा। वर्ष प्रवेश से **९वें कुंभे राहु ३रें सिंहे केतु** ता. १६.११.२०२६ तक प्रगति,मान सम्मान,पराक्रम वृद्धि व सर्वारिष्ट नाशक फल देंगे। आगे वर्ष पर्यन्त **८वें मकरे राहु व २रे कर्के केतु** स्वास्थ्य चिंता, ऐलर्जी, विषभय, रियेक्शन, शोक संवेदना, आर्थिक धोखाप्रद है सावधान रहें। वर्ष में आपकी राशि पर मिथुने गुरु ता. २५.५.२०२६ तक मनोबल वृद्धिः,स्त्री संतान सुख,विद्या बुद्धि से भाग्योदय बने। आगे **२ रे कर्के उच्च गुरु** ता.२४.१०.२०२६तक उच्च धनस्थिति, राजयोग, व्यवसाय में उच्चत्व, विजय राजकीय व्यावसायिक क्षेत्र धन वृद्धि होगी। तथापि गुप्त चिंता, स्वास्थ्य चिंता,विश्वास से धोखा बने। आगे **३रें सिंहे गुरु** ता.१०.२.२०२७ तक चलेगा। पराक्रम वृद्धि,स्त्री संतान सुख, परीश्रम से लाभ सफलता, सहोदरों के लिए शुभकाम करेंगे। आगे पुनः कर्के उच्च गुरु वर्ष पर्यन्त धन पर आर्थिक उच्च लाभ के शेषकार्य बनेंगे। गुप्त धंधे में धोखा होगा। अपनी गोपनीयता बनाये रखें।

निष्कर्षतः पूरा वर्ष धनप्राप्ति की भाग दौड़ में रहेगा। अनिष्ट से बचने के लिये शिवउपासना, रुद्राभिशेष ,सर्पशांति, दुर्गायज्ञ, त्रिपुरापूजा, सुन्दर काण्ड पाठ, मंदिर पर ध्वजा चढ़ना,दुर्वा कुशा समी(खेजड़ी) समिधाओं के यज्ञ से रुके कार्य बनेंगे। मयूर, मछलियां, चीलों,कुत्तों,कीड़ी मकोड़ी, गायों को भोजन देनें से **"धर्मेण हन्यते व्याधिः"** कष्ट दूर होंगे। अपंग अपाहिजों व ब्राह्मणों को भोजन देनें से रुके कार्य बनेंगे। सफेद,हरी,नीली रंग की वस्तुओं में लाभ होगा। विलासिता की वस्तुयें, सौन्दर्य वस्तुयें,सौन्दर्य प्रसाधन, स्त्रियोचित वस्तुओं के व्यवसाय में लाभ बनेगा। अंक ३,७,११ आपके लिये शुभ है। पन्ना,हीरा रत्न धारण से मनोबल बढ़ेगा। नीलम रत्न परीक्षण के बाद लाभ हो तो धारण करे, भाग्योदय बनें।



कर्कः-ही हु हे हो डा डी डू डे डो

आपको इस वर्ष में आपका भाग्येश १२ वें मिथुने गुरु ता. २५.५.२६ ई. तक शुभकार्यों में खर्च, यात्रा,प्रवास,विदेश गमन,तीर्थयात्रायें होगी। विद्या बुद्धि के निमित्त खर्च,भाग्योदय होगा। भूमि मकान वाहन सम्पत्ति सुख मिलेगा। आगे आपकी कर्क राशि पर उच्च गुरु ता.२४.१०.२६तक भाग्य में उच्चत्व,प्रगति,विद्या बुद्धि से अच्छी सफलता,स्त्री संतान सुख मिलेगा। अन्य स्त्री के धोखे से बचे। आगे २रें सिंहे गुरु ता.१०.२.२७ई. तक आर्थिक धनलाभ होगा।

रुका धन मिलगा। राजयोग बनेगा। व्यावसायिक क्षैत्र से भी लाभ होगा। गुप्त कार्यों में धोखा बनेगा,बचके रहें। पुनः आगे कर्क का उच्च गुरु वर्ष पर्यन्त आपकी राशि पर मनोबल वृद्धि,मान सम्मान, भाग्य में सम्पन्नता प्रद रहेगा। इस वर्ष में वर्ष पर्यन्त **मीने शनि ६वें** चलेगा। भाग्य में आकस्मिक लाभ,स्त्री संतान सुख, भाग्योदय, पराक्रम वृद्धिः, विद्या बुद्धि से भाग्योदय, अच्छी सफलता मिलेगी। वर्ष में **८वें कुंभे राहु व २रें सिंहे केतु** ता.१६.११.२६ तक स्वास्थ्य चिंता,एलर्जी,दंत कर्ण नैत्र पीड़ा,गुह्य पीड़ा,आर्थिक धोखा,विषभय, रियेक्शन से कष्ट बनेगा। आकस्मिक लाभ,प्रगति होगी पर लालच गला कटावें का ध्यान रखें। आगे वर्ष पर्यन्त **७वें मकरे राहु** पहला कर्के केतु चलेंगे जिससे बुद्धि विभ्रम, स्वास्थ्य चिंता, स्त्री से धोखा, अर्द्धंग रोग से सावधानी रखें।

निष्कर्षतः:- प्रभुत्व भाग्योदय, श्री सम्पन्नता का वर्ष है। हाय पैसा का लालच संकट में डाल सकता है। धोखे से बचे। बहुत स्वतः मिला संतोष रखें। आप शिवउपासना, सर्पशांति, ग्रहशांति यज्ञ, दुर्गायज्ञ, सुन्दर काण्ड पाठ, गोपाल सहस्त्रनाम व विष्णुसहस्त्रनाम पाठ,मंदिर पर ध्वज चढ़ानें से शुभ रहेगा। कीड़ी मकोड़ी, चीलों कुत्तों, गायों, अपंग अपाहिजों व मयूर, मछलियों को भोजन देनें से विजय लाभ सफलतायें मिलेगी। दूर्वा,कुशा के हवन से राहु केतु की शांति होगी। मोती, माणक, पुखराज रत्नधारण से मनोबल बढ़ेगा। अंक४, ८, १२, १, २में लाभ व सफेद,पीली, लाल, गुलाबी रंग की वस्तुओं में व पानी, समुद्रीय वस्तुयें,सौन्दर्य प्रसाधनों से लाभ बनेंगा।



सिंहः- मा मी मु मे मो टा टी टू टे (म = मं,मा)

वर्ष **८वां मीने शनि वर्ष पर्यन्त ढैया पनौती लोह का पाया** वृषभ वाहन पर शत्रु वर्धक है। गुप्त कार्यों में बदनामी,आर्थिक धोखा,अन्य स्त्री से धोखा मिलेगा। तथापि राजकीय व व्यावसायिक क्षैत्र से आकस्मिक व गुप्त लाभ मिलेगा। विद्या बुद्धि से सफलता, राजयोग, व्यवसाय में सफलता मिलेगी। वर्ष प्रवेश से आपकी राशि पर **सिंहे केतु व ७वें कुंभे राहु** ता.१६.११.२०२६ तक एलर्जी, शिरोभ्रम, अर्द्धांग पीड़ा, कष्ट, शोक संवेदना, गुप्त पीड़ा, गुप्त धोखा, अस्थिरताप्रद है। आगे वर्ष पर्यन्त **१२ वें कर्के केतु व ६ ठें मकरे राहु** होने से स्थान परिवर्तन,खर्च की अधिकता, विश्वासघात, शोक संवेदना, शत्रुनाशक समय रहेगा। राहु सर्वारिष्ट नाशक बचाव भी करेगा। तथापि सतर्क रहे,सावधान रहे। वर्ष में आपके ११ वें मिथुने गुरु ता.२५.५.२६ तक विद्या बुद्धि से सफलता बने। आकस्मिक गुप्त लाभ पराक्रम वृद्धिः,स्त्री संतान सुख मिले। आगे **१२वें कर्के उच्च गुरु** ता.२४.१०.२६ई.तक शुभकार्यों में विद्या बुद्धि के निमित्त संतान के निमित्त तीर्थाटन पर खर्च होवे। भूमि मकान वाहन सम्पत्ति सुख व आकस्मिक लाभ के संयोग बनेंगे। आगे **सिंहे गुरु** ता.१०.२.२७ तक चलेगा जिससे मनोबल वृद्धि,विद्या बुद्धि से भाग्योदय, स्त्री संतान सुख बनेगा। आगे पुन.**कर्के गुरु** ता.१०.२०२७ ई.तक वर्ष पर्यन्त चलेगा। जो आर्थिक लाभ व खर्च के शेष कार्यों को पूरे करेगा।

निष्कर्षतः:- वर्ष में धनलाभ के साथ साथ गुप्त शत्रुओं का प्रकोप,स्वास्थ्य चिंता रहेगी। ग्रहों को शांत करने के लिये शिव उपासना, रुद्रयज्ञ, रुद्राभिशेष , हनुमान जी पर तेल सिंदूर चढ़ाना, सुन्दर काण्ड पाठ, सूर्योपासना, दुर्गायज्ञ, से मनोनुकूल कार्य बनेंगे। कीड़ी मकोड़ी,चीलों गायों मछलियों कुत्तों,को भोजन देने से रुके कार्य बनेंगे। लाल पीली,गुलाबी वस्तुओं में लाभ बनें। अंक ५,६,१,२,३, ८में शुभ है। मांणक,मोती, पुखराज रत्न धारण से लाभ बनेगा।



कन्याः- टो पा पी पू ष ण ठ पे पो(प = पं,पा)

इस प्रवेश से १०वें मिथुने गुरु ता.२५.६.२६तक भूमि

मकान वाहन सम्पत्ति सुखद है। परन्तु राजकीय,व्यावसायिक क्षैत्र में संघर्षप्रद भी है। खर्च की अधिकता,शत्रु वर्धक धोखाप्रद भी है। आगे **११ वें कर्के उच्च गुरु** ता.२४.१०.२६ तक भूमि से उच्च धनलाभ, स्त्री,संतान सुख,पराक्रम वृद्धि,धार्मिक शुभकार्यों में यश मिले। तथापि किसी संतान से धोखा कष्ट भी बने। आगे **१२ वें सिंहे गुरु** ता.१०.२.२७ तक शुभकार्यों में खर्च,तीर्थाटन,विदेश गमन, प्रदेश से आकस्मिक लाभ,सम्पत्ति सुख,मकान वाहन पर खर्च होवे। आगे पनुः **कर्के गुरु** वर्ष पर्यन्त रहेगा जो उच्च धन लाभप्रद रहेगा। पराक्रम वृद्धि स्त्री सुखद होगा। वर्ष में **७ वें मीन शनि** वर्ष पर्यन्त चलेगा जो स्त्री संतान सुख,भूमि,मकान वाहन सम्पत्ति सुखद रहेगा। भोग विलासिता में धोखे से सावधान रहें। वर्ष में **६ठे कुंभे राहु व १२ वें सिंहे केतु** ता.१६.११.२०२६ तक चलेंगे। राहु सर्वारिष्ट नाशक, विजयप्रद है। केतु में खर्च की अधिकता स्थान परिवर्तन, प्रगति,यात्रा,अस्थिरताप्रद रहेगा। आगे **५वें मकरे राहु व ११ वें कर्के केतु** वर्ष पर्यन्त तक चलेंगे। राहु राजयोगद व केतु सर्वारिष्ट नाशक, लाभप्रद है। तथापि संतान चिंता, आर्थिक धोखे से सावधानी रखें।

<u>निष्कर्षतः</u>:-विजय लाभ सम्पन्नता प्रगति के साथ शत्रुओं के मान मर्दन भी होगा। विजयार्थग्रहों को प्रसन्न करने हेतु ग्रह शांति शिवोपासना रुद्राभिशेष, सर्पशांति, दुर्गायज्ञ, त्रिपुरा पूजन,श्रीयंत्र पूजन, गोपाल सहस्त्रनाम व विष्णुसहस्त्रनाम पाठ से परेशानियां, अनिष्ट दूर होंगे। ब्राह्मण कन्या विवाह या गरीब कन्या विवाह से अशुभ ग्रहों का प्रभाव शांत होगा। हनुमानजी को तेल सिंदूर चढ़ानें से व सुन्दरकाण्ड पाठ से क्रूर ग्रह शांत होंगे। हीरा पन्ना रत्न धारण से लाभ होगा। नीलम अनुकूल होवे तो धारण करें वरना नहीं। अंक २,३,४,६ व हरी नीली,काली वस्तुयें व सौंदर्य प्रसाधन, स्त्रियोचित व्यवसाय में लाभ बनेगा।



तुलाः-रा री रु रे रो ता ती तु ते(र = ऋ, त = तृ,त्रि)

इस वर्ष प्रवेश से **६ठें मीने शनि** वर्ष पर्यन्त चलेगा शत्रु वर्धक,उदर पीड़ा,खर्च ज्यादा,परीश्रम से लाभ,भूमि मकान वाहन से आकस्मिक लाभ बनेगा। शनि सर्वारिष्ट नाशक होने विजय सफलता देगा। अन्य स्त्री के लांछन से बचे। वर्ष प्रवेश **से ५वें कुंभे राहु व ११ वें सिंहे केतु** ता.१६.११.२६ तक चलेंगे। विद्या बुद्धि से सफलता, दूर प्रवास भाग्य में आकस्मिक लाभ,प्रगति के संयोग बनेंगे। संतान चिंता रहे। आगे **चौथे मकरे राहु व १० वें कर्के केतु** वर्ष पर्यन्त प्रगति, राजयोग, व्यवसाय में नया बदलाव, स्थान परिवर्तनप्रद है। शोक संवेदना,अलगाव भी बने। वर्ष में **६वें मिथुने गुरु** ता.२५.५.२६ई. तक परीश्रम से भाग्योदय,धार्मिक आस्था से सफलता मिले। आगे **१०वें उच्च कर्के गुरु** ता.२४.१०.२६तक उच्च राजयोग व व्यवसाय योग व आर्थिक सम्पन्नताप्रद रहेगा। स्त्री संतान सुख बने। आगे **११ वें सिंहे गुरु** ता.१०.२.२७ तक परीश्रम से लाभ,पराक्रम वृद्धिः,स्त्री संतान सुखद है। आगे पुनः **कर्के उच्च १०वें गुरु उच्च** राजयोग,व व्यवसाय की उच्च स्थिति को मजबूत करेगा। रुके कार्यो में सफलता मिलेगी।

<u>निष्कर्षतः</u>:-वर्ष में आकस्मिक लाभ,राजयोग व सफलता मिलेगी। तथापि क्रूर ग्रहों को प्रसन्न करनें के लिये रुद्राभिशेष, शिवउपासना, गुप्त तुलादान, प्रदोष व्रत, शनिवार व्रत, दुर्गा यज्ञ,ग्रहशांति यज्ञ, विष्णु सहस्त्रनाम व गोपाल सहस्त्रनाम पाठ, सुन्दरकाण्डपाठ, हनुमान जी को तेल सिंदूर चढ़ावें। कीड़ी मकोड़ी, गाय, कुत्तों, मछलियों, ब्राह्मणों को भोजन देनें से रुके कार्य बनें,सफलता मिले। पन्ना,हीरा रत्नधारण से लाभ होगा। नीलम अनुकूल हो तो ही पहिनें वरना नहीं। अंक ३,४, ५, ७,११ व सफेद,हरी,नीली,काली वस्तुयें, दवाईयाँ, वस्त्राभूषण के व्यवसाय में लाभ होगा।



वृश्चिक-तो ना नी नू ने नो या यी यू(न=नं,ना/य=यं,या)

वर्ष प्रवेश से वर्ष पर्यन्त **५वें मीने शनि** स्थान वृद्धिःकारक है। परीश्रम से सफलता पराक्रम वृद्धिः,भूमि मकान वाहन सम्पत्ति सुख,विद्या बुद्धि से अच्छी सफलता, राजयोग व संतान सुखद, आर्थिक सम्पन्नता लाभ व स्त्री सुखद वर्ष रहेगा। वर्ष में **चौथे कुंभे राहु व १०वें सिंहे केतु** ता.१६.११.२६ तक राजयोगद,व्यवसाय में वृद्धिप्रद है तथापि संघर्ष से सफलता मिलेगी। आगे **३रें मकरे राहु व ९वें कर्के केतु** वर्ष पर्यन्त सर्वारिष्ट नाशक,विजय सफलताप्रद है। भाग्य में परीश्रम से सफलता,राजयोग बनेगा। शोक संवेदना,स्थान परिवर्तन,प्रगति के संयोग भी बनेंगे। वर्ष में **८वें मिथुने गुरु** ता.२५.५.२६ तक स्वास्थ्य चिंता,खर्च की अधिकता,गुप्तलाभ,गुप्तकृत्यों में खर्च,गोपनीयता भंग होने से पारीवारिक परेशानियां होगी। आगे **९वें कर्के उच्च गुरु** ता.२४.१०.२६ तक उच्च भाग्योदय,भागय में उच्च धन लाभ,मनोबल वृद्धि,विद्या बुद्धि से भाग्य में उच्चत्व,राजयोग बने। स्त्री संतान सुख,पुत्र संतान सुख भोगे। आगे **१० वें सिंहे गुरु** ता.१०.२.२०२७ तक चलेगा। राजयोग व व्यवसाय से अच्छा लाभ। विद्या बुद्धि से राजयोग बने। संतान को भी राजयोग व व्यवसाय से लाभ प्रगति बने। आगे पुनः **९वें कर्के उच्च गुरु** वर्ष पर्यन्त भाग्योदय में उच्च स्थिति का प्रतीक रहेगा। अपने ही ईर्ष्याष्पदों से धोखा ''घर का भेदी लंका ढावे'' होगा,सावधान रहें।

<u>निष्कर्षतः</u> वर्ष सफलता व सम्पत्ति प्राप्ति के मदांध में रहेंगे तो धोखा मिलेगा। आप ग्रहों की प्रसन्नता हेतु रुद्राभिशेष, शिवउपासना, सर्पशांति, दुर्गायज्ञ, गणपति पर दूर्वानुष्ठान, ग्रहशांति यज्ञ, सुन्दरकाण्ड पाठ, मंगल चंडिका पाठ से समस्यायें दूर होगी। विष्णुसहस्त्र नाम व गोपालसहस्त्रनाम पाठ से आर्थिक लाभ होगा। गायों, मछलियों, मयूरों व कीड़ी मकोड़ीयों को भोजन देनें से रुके कार्य बनेंगे। मूंगा, पुखराज, मोती रत्न धारण से लाभ होगा। अंक ४,५,६,८ व लाल पीली, सफेद,गुलाबी वस्तुओं में लाभ होगा। बिजली का सामान,रंग रोगान,दवाईयां, जहर, कीट नाशक, शस्त्र, रंगीन कपड़ा व लाल रंग की वस्तुओं के व्यवसाय में लाभ बनेगा।



धनुः-ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

इस वर्ष में आपका राश्यैष गुरु तीन राशियों को प्रभावित कर रहा है जो आपके भाग्य को चमकायेगा। ७ वें मिथुने गुरु ता.२५.५.२६ तक स्त्री संतान सुखद है। मनोबल मजबूत, विद्या बुद्धि से सफलता। भूमि मकान वाहन सम्पत्ति सुख। परन्तु प्रेम प्रसंग के लांछन,धोखे से बचे। आगे ८वें कर्क उच्च गुरु ता.२४.१०.२६ तक आकस्मिक उच्च लाभ,भूमि मकान वाहन सम्पत्ति से उच्च लाभ व कष्टों से बचाव होवे। तथापि आर्थिक धोखा बने सावधान रहें। आगे ९वें सिंहे गुरु ता.१०.२.२०२७ तक भाग्योदय,विद्या बुद्धि से भाग्य में सफलता,मनोबल बढ़ेगा। अपने ही मित्र,स्वजन के धोखे से सतर्क रहें। आगे पुनः ८ वें उच्च गुरु वर्ष पर्यन्त आकस्मिक आर्थिक उच्चत्व देगा, परन्तु गोपनीयता भंग होने से आर्थिक धोखा भी मिलेगा। वर्ष में चौथा शनि ढैय्या पनौती लोह का पाया,अश्व वाहन पर से वैर विरोध बढ़ेगा। तथापि मीन शनि स्थान वृद्धि करो शनि धन,पराक्रम व भूमि सम्पत्ति वाहन वृद्धि को देगा। विजय, मनोबल बढ़ेगा। राजकीय व व्यापारिक सफलता,शत्रुओं का पराभव होगा। वर्ष प्रवेश से ३रें कुंभे राहु व ९वें सिंहे केतु ता.१६.११.२६ तक सर्वारिष्ट नाशक,राजयोगद है। आगे २रें मकरे राहु व ८वें कर्के गुरु वर्ष पर्यन्त चलेंगे जो कष्ट, विषभय,एलर्जी, रियेक्शन, आर्थिक धोखा संघर्षप्रद है। सावधान रहें।

<u>निष्कर्षतः</u>-श्री सम्पन्नता का वर्ष है परन्तु लालच बुरी बला से धोखा भी है इसलिये धर्मेण हन्यते ग्रहाः के लिये ग्रहशांति दुर्गायज्ञ, सर्पशांति, शिवउपासना, रुद्राभिशेष, सुन्दरकाण्ड पाठ,मंदिर पर

ध्वजा चढ़ाने से कष्ट दूर होवे। गाय कुत्तों,कीड़ी मकोड़ी, मयूर, मछलियों को भोजन देने से समस्यायें दूर होगी। अंक १,५,६,७,९ व पीली सफेद,लाल,गुलाबी वस्तुयें, वस्त्राभूषण, रत्न, सोना चांदी सौन्दर्य वस्तुयें, शस्त्र, कागज, स्टेशनरी के व्यापार में लाभ होगा। पुखराज, मोती, माणक रत्न धारण से प्रगति होवे। मूंगा रत्न अनुकूल हो तो धारण करें,वरना नहीं पहिनें।



मकरः-भो जा जी जु जे जो खा खी खु खे खो ग गी (ग=ज्ञ, क्ष=ख)

आपका **राश्येष शनि ३रें मीन राशि पर** वर्ष पर्यन्त चलेगा। पराक्रम वृद्धि,विजय, सर्वारिष्ट नाशक, विद्या बुद्धि से भाग्योदय, प्रदेश गमन,मनोबल वृद्धि,स्थान वृद्धि करो शनि सफलता देगा। वर्ष में **२रें कुंभे राहु व ८वें सिंहे केतु** ता.१६.११.२६ तक मार्कदोष युक्त कष्टप्रद, घातपात,पैर में चोट, अर्थिक नुक्सान,धोखाप्रद है एलर्जी विषभय,रियेक्शन से सावधानी रखें। आगे **मकरे राहु व कर्के केतु** वर्ष पर्यन्त चलेंगे। स्थान परिवर्तन,राजयोग व व्यवसाय में बदलाव लायेंगे। स्त्री कष्ट,स्त्री लांछन से बचे। गुंप्त कृत्यों व गोपनीयता भंग से धोखा होगा। वर्ष में **६ठें मिथुने गुरु** ता.२५.५.२६ तक भागीदारी में या लेनदेन में धोखा। खर्च की अधिकता,तीर्थाटन,शुभकार्यों में खर्च होगा। आगे **७वें उच्च गुरु** ता.२४.१०.२६ तक स्त्री संतान सुख,उच्चपराक्रम वृद्धि,परीश्रम से लाभ बनेगा। तथापि मानसिक श्रम, चिंता भी रहेगी। आगे **८वें सिंहे गुरु** ता.१०.२.२७तक चलेगा। स्वास्थ्य चिंता, प्रदेश से लाभ, भूमि, मकान वाहन सम्पत्ति से आकस्मिक लाभ बनेगा। धार्मिक शुभकार्यों में खर्च, तीर्थाटन, विदेश गमन होगा। आर्थिक गोपनीयता भंग,विश्वास से धोखा,सावधान रहें। आगे पुनः **७वें उच्च कर्क गुरु** वर्ष पर्यन्त चलेगा जो अवशिष्ट कार्यों को पूरा करेगा। उच्च राजयोग स्त्री संतान सुख देगा।

<u>निष्कर्षतः</u>- शनि पनौती में खायी मार की भरपाई शुरु रहेगी,धन मान बढ़ेगा। तथा घणां हेत वाले खाड़ा भरायेंगे,सावधान रहें। शिवउपासना, रुद्राभिशेष, सर्पशांति, सुन्दरकाण्डपाठ, मंदिर पर ध्वजा चढ़ानें,ग्रहशांति यज्ञ में दूर्वा,कुशा की समीधाओं के हवन से शांति बनें। दुर्गायज्ञ, श्रीसूक्त पाठ से आर्थिक लाभ बनें। मंदिर पर ध्वजा चढ़ानें से राहु केतु की शांति होवे। मयूरों, मछलियों,गायों,कुत्तों व कीड़ी मकोड़ी को भोजन देनें से कष्ट दूर होवे। तुलसी, पीपल रोपण पूजन से सुख समृद्धि होवे। तुलसी विवाह,ब्राह्मण कन्या का विवाह में सहयोग करनें से मनोकामनाएं पूर्ण होवे। पन्ना,हीरा,नीलम रत्न धारण करनें से लाभ होगा। अंक २,६,७,८ व काली, सफेद, हरी,नीली व जलज वस्तुओं के व्यवसाय से लाभ होगा।



कुंभः- गु गे गो शा शी शु शे शो द (स=श, श्र, द=दं, दा)

आपका राश्यैष **शनि २रें वर्ष पर्यन्त मीन राशि पैरों पर** उतरती साढ़े सात वर्ष की पनौती चांदी के पाया,कागवाहन पर होने से रोग,चिंताप्रद रहेगी। स्त्री कष्ट,स्त्री लांछन,गुप्त पीड़ा,स्वास्थ्य चिंता रहेगी। तथापि आकस्मिक धनलाभ,धन कमानें की लालसा बढ़ेगी। भूमि मकान वाहन सम्पत्ति सुख बढ़ेगा। स्थान वृद्धि करो शनि से धन सम्पत्ति बढ़ेगी। वर्ष में **कुंभे राहु व ७वें सिंहे केतु** ता.१६.११.२६ तक चलेंगे मनोबल वृद्धि, राजयोग व व्यवसाय योग से लाभ,नये धंधे, करेंगे। स्त्री चिंता,अन्य स्त्री से लांछन, एलर्जी,गुप्त पीड़ा से चिंतित रहेंगे। आगे **१२ वें मकरे राहु व ६ठें कर्के केतु** वर्ष पर्यन्त चलेंगे। खर्च ज्यादा,स्थान परिवर्तन,उदर पीड़ा,विश्वास से धोखा होगा। तथापि केतु शत्रु नाशक,सर्वारिष्ट नाशक बचाव भी करेंगे। वर्ष प्रवेश से ५वें **मिथुने गुरु** ता.२५.५.२६ तक विद्या बुद्धि व परीश्रम से लाभ,

भाग्योदय होवे। तथापि मानसिक चिंता भी मनोनुकूल सफलता नहीं होने से रहेगी। आगे **६ठें उच्चकर्के गुरु** ता.२४.१०.२६ तक चलेगा उच्च राजयोग,धनलाभ बनेगा। तथापि धोखे से खर्च परेशान भी करेगा। आगे **७वें सिंहे गुरु** ता.१०.२.२७ तक चलेगा, स्त्री संतान सुख,पराक्रम वृद्धि,अच्छी सफलता मिले। राजयोग व व्यवसाय से लाभ बने। आगे पुनः**६ठें उच्च कर्के गुरु** वर्ष पर्यन्त चलेगा। जो रुके कार्यों में उच्च सफलता प्राप्त करेगा। आर्थिक धोखे से सावधान रहें।

<u>निष्कर्षतः</u> उतरती पनोती लाभ देगी,क्षतिपूर्ति करेगी।धार्मिक कृत्य करें व आस्था बनाई रखे। उतावलापन से बचे। आप शिव उपासना रुद्राभिशेष, ग्रहशांति, दुर्गायज्ञ, सुन्दरकाण्ड पाठ, हनुमानजी को तेल सिंदूर चढ़ाने से शुभ रहेगा। गणपति पर दुर्वाभिशेष कुश, शमी समीधाओं से यज्ञ मनोबल बढ़ायेगा, सफलता देगा। पानी से भरा कुंभ दान,कीड़ी मकोड़ी,चीलों,कुत्तों,गायों को भोजन देने से रुके कार्य दूर होंगे। श्री सूक्तपाठ, विष्णु सहस्त्रनाम व गोपाल सहस्त्र नाम पाठ से लक्ष्मी बढ़ेगी। पन्ना व नीलम रत्न पहनने से लाभ होगा। अंक ३,७,८,११ में लाभ बनें। काली,हरी,नीली,सफेद वस्तुओं में व स्टील, लोहा,हार्डवेयर,मशीनरी,तेल,तिलहन,पैट्रोल आदि के व्यवसाय में लाभ होगा।



मीनः- दी दू थ झ ञ दे दो च ची (च = चं,चा)

आपका वर्ष में **राश्येष ४थे मिथुने गुरु** ता.२५.५.२६ तक हृदय उदय विकार। घर में क्लेश। सम्पत्ति विवाद,प्रेम प्रसंग में धोखा लांछन लगे। तथापि राजयोग,व्यवसाय योग श्रेष्ठ। मनोबल मजबूत, गुप्तलाभ गुप्तकृत्य में सतर्क रहे। आगे **५वें कर्के उच्च गुरु** ता.२४.१०.२६ तक होने से उच्च विद्या बुद्धि से उच्च राजयोग, उच्च मनोबल, भाग्योदय होवे। स्त्री संतान सुख। पुत्र सुख,धार्मिक शुभकार्यों में यश। नीच लोगों से लाभ में अवरोध,धोखा। आगे **६ठें सिंहे गुरु** ता.१०.२.२७ तक राजयोग,आर्थिक लाभ,विजय,शत्रुनाश, होवे। परन्तु धोखे से खर्च होवे। आगे पुनः**५वें कर्के उच्च गुरु** वर्ष पर्यन्त चलेगा जो अवशिष्ट उच्च सफलता को देगा। वर्ष पर्यन्त **मीने शनि साढ़े साती पनोती पेट पर सोना के पाया,बकरावाहन** पर हानिप्रद हे। बड़े बुढ्ढों सहोदर को कष्ट। स्त्री चिंताअन्य स्त्री से लांछन,मानसिक विभ्रम,सिरदर्द,उदरपीड़ाप्रद है। तथापि स्थान वृद्धि करो शनि होने से मनोबल मजबूत, परीश्रम से सफलता,राजयोग, व्यवसाय योग लाभ प्रगतिप्रद है। प्रदेश से लाभ,विदेश गमन होगा। वर्ष में **१२ वें कुंभे राहु व ६ठे सिंहे केतु** ता.१६.११.२६ तक चलेगा। खर्च की अधिकता,यात्रा प्रवास,विदेश गमन,अस्थिरता,शोक संवेदना, अलगाव,एलर्जी,रियेक्शन,उदरपीड़ा बने। केतु शत्रु नाशक सर्वारिष्ट नाशक व विजयप्रद है। आगे **११वें मकरे राहु व ५वें कर्के केतु** वर्ष पर्यन्त है जो राजयोगद,सफलता,लाभप्रद है। विद्या बुद्धि में एक लक्ष्य परीश्रम से सफलता मिले। संतान चिंता भी रहे। व्यापार में बदलाव से लाभ बढ़ेगा।

<u>निष्कर्षतः-</u> वर्ष में शनि,राहु का विशेष प्रभाव संघर्ष व सफलता में बाधक है। धर्मेण हन्यते ग्रहा को देखते शिव उपासना, रुद्राभिशेष, सर्पशांति, मंदिर पर ध्वजा चढ़ानें से सफलता प्राप्त करेंगे। गणपति पर दुग्धाभिशेष ,दुर्गायज्ञ, ग्रहशांति, दुर्वा व कुशा समीधाओं का यज्ञ करनें से प्रगति बनें,रुके कार्य पूर्ण होंगे। गायों, चीलों, मछलियों, मयूरों, कुत्तों व अपंग अपाहिजों को भोजन देनें से मनोरथ पूर्ण होगें। कन्यादान से लक्ष्मी बढ़े। पुखराज, मूंगा,मोती रत्न धारण से लाभ होगा। अंक ४,८,६,१२ व सफेद,पीली,लाल, गुलाबी रंग की वस्तुयें, सोना, चांदी, आभूषण, जवाहरात,जलज वस्तुयें, सौन्दर्य वस्तुयें, एक्सपोर्ट आदि व्यवसाय में लाभ होगा। ▢▢▢